हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 120, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 29 अक्टूबर, 2023 दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

## प्रधानमंत्री मोदी ने 51 हजार युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

### बोले– अब सरकार केवल घोषणा ही नहीं करती काम भी करती है



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को रोजगार मेले के तहत 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। पीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रोजगार मेले को संबोधित करते हुए कहा कि अब सरकार केवल घोषणा ही नहीं करती काम भी करती है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि रोजगार मेला की शुरूआत पिछले साल अक्टूबर में हुई थी और अब तक लाखों युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है। आज 50,000 से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं। दिवाली में अभी वक्त है, लेकिन 50,000 नियुक्ति पत्र पाने वालों के परिवारों के लिए यह मौका दिवाली से कम नहीं है।

**इन विभागों में मिली नौकरी**– पीएम द्वारा युवाओं को सौंपे गए नियुक्ति पत्र विभिन्न विभागों से हैं। देश भर से चुने गए ये कर्मचारी गृह मंत्रालय, राजस्व विभाग, रेल मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, डाक विभाग, स्कूल शिक्षा, साक्षरता विभाग और मंत्रालय सहित सरकार के विभिन्न विभागों में शामिल होंगे। पीएम ने आगे कहा, रोजगार मेले युवाओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। हमारी सरकार युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए मिशन मोड में काम कर रही है। हम न केवल नौकरियां प्रदान कर रहे हैं बल्कि पूरी प्रणाली को पारदर्शी भी बना रहे हैं। हमने न केवल भर्ती प्रक्रिया को सही किया, बल्कि कुछ परीक्षाओं का पुनर्गठन भी किया। कर्मचारी चयन आयोग के भर्ती चक्र में लगने वाला समय अब आधा हो गया है।

## 'मेरी उम्र 60 वर्ष से अधिक है... हृदय रोग-ब्लड प्रेशर और शुगर है' : मुख्तार

गाजीपुर/वाराणसी। विशेष न्यायाधीश (एमपी/एमएलए कोर्ट) अरविंद मिश्र की अदालत में दोषसिद्ध होने के बाद माफिया मुख्तार अंसारी ने अपनी ज्यादा उम्र और बीमारी को लेकर दलीलें दीं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश हुए मुख्तार ने कहा कि उसकी उम्र 60 वर्ष से अधिक है। वह वर्ष 2005 से जेल में है। जिस मामले में दोषसिद्ध हुआ है, उसमें भी सात वर्ष से अधिक समय से जेल में है। उसे हृदय रोग, ब्लड प्रेशर, शुगर और सर्वाइकल संबंधी बीमारी हैं। दो बार हार्ट अटैक आ चुका है, इसलिए उसे कम से कम दंड से दंडित किया जाए। मुख्तार अंसारी की दलीलों पर सजा सुनाने से पहले अदालत ने कहा कि यह स्पष्ट है कि वर्तमान समय में अभियुक्त 60 वर्ष से अधिक उम्र का है। मुख्तार अंसारी ने बीमारियों से ग्रसित होने का हवाला दिया। मगर, यहां यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि अभियुक्त मुख्तार अंसारी द्वारा बीमारियों से ग्रसित होने के संबंध में कोई भी दस्तावेजी साक्ष्य नहीं प्रस्तुत किया गया। तथ्य एवं परिस्थितियों के आधार पर यह साबित होता है कि अभियुक्त मुख्तार अंसारी का एक संगठित गिरोह था। गिरोह का उपयोग समाज विरोधी क्रियाकलापों के लिए किया जाता था। इसलिए अभियुक्त मुख्तार अंसारी को 10 वर्ष के कठोर कारावास और पांच लाख रुपये जुमार्ने की सजा से दंडित किया जाता है।

## कानपुर को मिली 501 करोड़ की सौगात, योगी बोले- सपा बोलती कुछ है और करती कुछ है



कानपुर। कानपुर में शनिवार को राष्ट्रीय इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित अनुसूचित जाति सम्मेलन में सीएम योगी आदित्यनाथ पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर दीप प्रज्जवलित किया। इसके बाद सीएम ने अरनव, दिव्यांशी और मोहक को खीर खिलाई। सीएम ने सबसे पहले बच्चों को गोद लिया। दिव्यांशी जैसे सीएम के गोद मे गई, तो खुश हो गई। सभी बच्चों को खिलौना भी दिया। साथ ही, सीएम ने नगर निगम की 100 कूड़ा गाड़ियों को हरी झंडी दिखाई। ये गाड़ियां घर-घर जाकर कूड़ा उठाएंगी। इसके बाद सीएम योगी ने 501 करोड़ की 153 परियोजनाओं का शिलन्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सपा बोलती कुछ है और करती कुछ है। कानपुर कभी देश का उभरता हुआ शहर था, देश के आर्थिक संपन्न शहरों के रूप में जाना जाता था। पिछली सरकारों ने उसे तहस नहस कर दिया। आज मेट्रो का सफल संचालन हो रहा है। कानपुर डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग का हब भी बन रहा है। यहां पहले ही वर्ष में 38 हजार करोड़ के नए कार्यक्रम लेकर चल रहे हैं। कहा कि भाजपा सरकार कानपुर-बुंदेलखंड को उसका वैभव दिलाने के लिए कार्य कर रही है। कानपुर अर्थव्यवस्थाता का केंद्र बिंदु बनाया जा रहा है। वहीं, मंत्री व पूर्व आईपीएस असीम अरुण ने कहा कि अनसूचित वर्ग में कई जातियां हैं, जो समाज से अलग हैं। उन्हें भाजपा ने उनका हक दिलाया। सपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पिछली सरकारों में सिर्फ शोषण किया गया। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि पिछली सरकार में अनुसूचित वर्ग के साथ जमकर शोषण किया गया। जब चुनाव आता है, तब उन्हें अनुसूचित वर्ग याद आता है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा द्वारा गरीब कल्याण की बात करती है। अन्य पार्टियों ने दलित वर्ग को सिर वोट बैंक समझा जाता है। उनकी संख्या सिर्फ इसलिए बताई जाती है कि उनका वोट लेना है। कानपुर की धरती धन्य है, जहां महर्षि वाल्मीकि का आश्रम भी है।

## सीएम योगी ने औरैया को दी करोड़ों की सौगात

औरैया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को औरैया के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे हैं। यहां उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास के कार्यों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। जातिवाद और परिवारवाद को बढ़ावा देने वालों ने विकास से किनारा किया। इससे पहले उनका हेलीकॉप्टर सुबह 11.10 पर इंडिया पाइका मैदान में लैंड हुआ। इसके बाद सीएम सीधे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, जहां सांसद राज्यसभा गीता शाक्य व सदर विधायक गुड़िया कठेरिया ने पुष्पगुच्छ और राम दरबार की मूर्ति देकर स्वागत किया। इसके बाद बच्ची को मुख्यमंत्री ने खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया। साथ ही उसके पैरो में पायलें भी पहनाई और उपहार भी दिया। साथ ही, विद्युत सखी को राजकीय आजीविका मिशन के तहत ढाई लाख की चेक सौंपी। वहीं, छात्राओं को लैपटॉप और टैबलेट दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले में बनकर तैयार लगभग 238 करोड़ की 81 परियोजनाओं का लोकार्पण और 448 करोड़ की 64 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें बड़ी परियोजना में औरैया-बिधूना मार्ग पर 67.73 करोड़ की लागत से बनने वाली रेल ओवरब्रिज परियोजना है।

## केन्द्र सरकार पर बरसे राहुल गांधी, केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देने का किया वादा



कांकेर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे के तहत आज छत्तीसगढ़ पहुंचे हैं। राहुल गांधी 28 और 29 अक्तूबर को छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे। वे 28 अक्तूबर को कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि आपके साथ बीजेपी अन्याय कर रही है। पहला कदम आपके लिए जाति गणना है , उसके बाद पूरे देश को पता चल जाएगा ओबीसी की जनसंख्या कितनी है। राहुल ने कहा कि प्रेस वाले कभी सवाल नहीं पूछ सकते, मीडिया के लोगों से राहुल ने कहा कि आप सवाल पूछिए मोदी जी आप जाति गणना से क्यो डरते हैं। छत्तीसगढ़ कांग्रेस जैसे ही सरकार में आएगी हम जाती गणना कराएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि किसान की जेब मे पैसा आता है उस पैसा का इस्तेमाल वो गांव में करता है, गांव की अर्थव्यवस्था बनती है। अडानी विदेशों में खर्चा करता है मकान खरीदता है। राहुल गांधी ने कहा कि बिजली बिल हमने हाफ किया कि आपके जेब मे पैसा आए। बीजेपी के लोग कहते है पिछड़ों की सरकार चलाते हैं, ओबीसी की सरकार चलाते हैं अच्छा ओबीसी की सरकार चलाते है तो जाती गणना से क्यो डरते हैं। राहुल गांधी ने आगे कहा कि मोदी जी अपने भाषण में जाति गणना का बात क्यो नहीं करते। आज के हिंदुस्तान में जितनी भागीदारी ओबीसी वर्ग की होनी चाहिए नहीं है, देश के ओबीसी युवाओं को ये बात छुपाना चाहते हैं। कांग्रेस नेता ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार किसानों की, मजदूरों की, बेरोजगारों की मदद करती है। उनकी ( भाजपा ) सरकार अदाणी की मदद करती है। खदान अदाणी को दिए जाते हैं पोर्ट अदाणी को दिए जाते हैं। जम्मू कश्मीर जाइए सेब का बिजनेस अदाणी के हाथ में है। बाजपा के लोग उद्योगपतियों के लिए काम करते हैं, हम देश के गरीब आदिवासी, दलितों के लिए काम करते हैं। राहुल ने आगे कहा कि हम मनरेगा लाए उन्होंने बेकार बताया। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार चलाने के दो तरीके होते हैं किसी भी सरकार को देखो दो ही तरीके होते हैं। एक तरीका सबसे अमीर लोगों को फायदा पहुंचाओ, दूसरा तरीका गरीब लोगों की मदद करो। यही दो तरीके हैं तीसरा तरीका कोई नहीं है। राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा और केन्द्र की मोदी सरकार पर दमकर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि जैसे ही हमारी सरकार बनेगी जो वादे किए है उनको हम पूरा करेंगे। खुशी से मैं कहता हूं जिस काम को बीजेपी ने कहा था नहीं किया जा सकता उसको दो घंटे में पूरा किया गया। राहुल गांधी ने कहा पिछले चुनाव में दो तीन बड़े वादे किए थे वह पूरे किए हैं।

## यूपी में 50 की आयु पूरी कर चुके पुलिसकर्मियों की होगी स्क्रीनिंग, करें जाएंगे जबरिया रिटायर




लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस ने 50 वर्ष की आयु पूरी कर चुके पुलिसकर्मियों की स्क्रीनिंग कर उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस विभाग ने नाकारा अधिकारियों व कर्मियों को बाहर का रास्ता दिखाने की तैयारी कर ली है। डीजीपी मुख्यालय ने सभी शाखाओं से 30 मार्च 2023 को 50 वर्ष की आयु पूरी कर चुके पुलिसकर्मियों के सेवा अभिलेखों की जांच कर उनके बारे में 30 नवंबर तक रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इससे पहले भी स्क्रीनिंग के उपरांत लापरवाह व अकर्मण्य पुलिसकर्मियों को अनिवार्य सेवानिवृत्त देकर सेवा से बाहर किया जा चुका है। अब जल्द फिर नकारा पुलिसकर्मियों की विरुद्ध कार्रवाई की तैयारी है। एडीजी स्थापना संजय सिंघल की तरफ से सभी आइजी रेंज/ एडीजी जोन/ सभी सात पुलिस कमिश्नर के साथ पुलिस के सभी विभाग को आदेश भेजा गया है कि 30 नवंबर तक सभी अफसर 50 वर्ष से अधिक उम्र के पुलिसकर्मियों के ट्रैक रिकार्ड को देखने के बाद अनिवार्य सेवानिवृत्ति के पात्र पुलिसकर्मियों की लिस्ट मुख्यालय भेजेंगे। पीएसी में ऐसे पुलिसकर्मियों की लिस्ट 20 नवंबर तक भेजने के आदेश दिए गए।

## गाजा में संघर्षविराम प्रस्ताव पर भारत के हिस्सा न लेने पर भड़कीं प्रियंका गांधी, बोलीं- शर्मसार हूं



नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र महासभा के विशेष सत्र में गाजा में मानवीय आधार पर संघर्षविराम के लिए पेश प्रस्ताव को भारी बहुमत से अपनाया गया। हालांकि, भारत, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी समेत 45 देशों ने मतदान से खुद को अलग रखा। अब इसपर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा भड़क गई हैं। उन्होंने भारत के इस रुख पर बड़ी हैरानी जताई और जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वह भारत के इस रुख पर शर्मिंदा हैं। गांधी ने कहा कि गाजा में सात हजार लोगों की हत्या के बाद भी हिंसा का दौर थमा नहीं है। इन मरने वालों में से तीन हजार मासूम बच्चे थे। उन्होंने कहा कि इस युद्ध में कोई ऐसा अंतरराष्ट्रीय कानून नहीं, जिसे कुचला न गया हो। कोई ऐसी मयार्दा नहीं, जिसे तार-तार न किया गया हो। कोई ऐसा कायदा नहीं, जिसकी धज्जियां न उड़ी हों। आगे कहा कि लोगों की सामूहिक चेतना आखिर और कितनी जानें जाने के बाद जागेगी या ऐसी कोई चेतना अब बची ही नहीं? उन्होंने यह भी कहा कि जब मानवता के हर कानून को ध्वस्त कर दिया गया है, तो ऐसे समय में अपना रुख तय नहीं करना और चुपचाप देखते रहना गलत है। प्रियंका ने महात्मा गांधी के उस कथन का भी उल्लेख किया कि आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को अंधा बना देती है। उन्होंने कहा, 'मैं हैरान और शर्मिंदा हूं कि हमारा देश गाजा में संघर्ष-विराम के लिए हुए मतदान में अनुपस्थित रहा। हमारे देश की स्थापना अहिंसा और सत्य के सिद्धांतों पर हुई थी। इन सिद्धांतों के लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने जीवन का बलिदान दिया। ये सिद्धांत संविधान का आधार हैं, जो हमारी राष्ट्रीयता को परिभाषित करते हैं। वे भारत के उस नैतिक साहस का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सदस्य के रूप में उसके कदमों का मार्गदर्शन किया है।' उन्होंने कहा, 'जब मानवता के हर कानून को नष्ट कर दिया गया है, लाखों लोगों के लिए भोजन, पानी, चिकित्सा आपूर्ति, संचार और बिजली काट दी गई है और फलस्तीन में हजारों पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, तब रुख अपनाने से इनकार करना और चुपचाप देखना गलत है।'

## 'देश की नीति फलस्तीन समर्थन की है, इजरायल की नहीं', युद्ध में भारत के रुख पर शरद पवार का तंज



नई दिल्ली। इजरायल-हमास युद्ध के सीजफायर प्रस्ताव से भारत ने दूरी बना ली, जिसको लेकर देश में विपक्षी दल लगातार अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इसी बीच एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने भी अपना पक्ष रखा है। शरद पवार ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा है कि इस समय सरकार भ्रम में है। संघर्ष पर एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा, "फलस्तीन मुद्दे पर भारत सरकार के बीच कंफ्यूजन है। भारत की नीति फलस्तीन का समर्थन करने की थी, इजरायल का नहीं। फलस्तीन में हजारों लोग मर रहे हैं और भारत ने कभी भी इसका समर्थन नहीं किया, इसलिए वर्तमान सरकार में भ्रम की स्थिति है।" शरद पवार पहले भी फलस्तीन के समर्थन में बयान दे चुके हैं। उन्होंने कहा था, "इजरायल-फलस्तीन की जंग विश्व शांति के लिए खतरा है। वहां के जमीन और घर फलस्तीन के थे, लेकिन इजरायल का उस पर कब्जा हो गया है।" मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि संघर्ष में 7,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं। इजरायल पर किए गए अभूतपूर्व हमलों में 1,400 से अधिक लोग मारे गए थे। हमास ने गाजा में 220 से अधिक लोगों को बंधक बना रखा है।

## जम्मू-कश्मीर में हाई अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसियां, हमास की तर्ज पर पाक आतंकी कर सकते हैं दुस्साहस




नई दिल्ली। इस्त्राइल और हमास की लड़ाई के बीच जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। केंद्रीय एजेंसियों के विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान में सोशल मीडिया पर ऐसी चर्चा हो रही है कि जिस तरह से हमास ने इस्त्राइल पर औचक हमला किया है, कुछ उसी तरह की ट्रिक का इस्तेमाल कर पाकिस्तान के आतंकी संगठन, जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ कर सकते हैं। हालांकि दोनों जगहों की भौगोलिक परिस्थितियों में कोई समानता नहीं है। जम्मू-कश्मीर में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बल तैनात हैं। ग्लाइडर में बैठकर या किसी दूसरी ऐसी ही तकनीक के जरिए आतंकी, जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ नहीं कर सकते। इसके बावजूद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। वजह, पाकिस्तान के आतंकी कैंपों में हमास के हमले को एक नए आइडिया की तरह देखा जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में इस बाबत उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक हो चुकी है। राज्य से लगते पाकिस्तान के बॉर्डर पर सुरक्षा को और ज्यादा कड़ा किया गया है। ऐसे प्वाइंट, जहां से सर्दियों के दौरान घुसपैठ की संभावना बनी रहती है, वहां पर अतिरिक्त चौकसी बरती जा रही है। केंद्रीय इंटेलिजेंस एजेंसी आईबी, रॉ, जम्मू-कश्मीर पुलिस की खुफिया इकाई और विभिन्न केंद्रीय बलों की इंटेलिजेंस यूनिट सक्रिय हैं। सूत्रों का कहना है, इस्त्राइल और हमास की लड़ाई के बीच जम्मू-कश्मीर में किसी तरह का बड़ा प्रदर्शन नहीं होने दिया गया है। हालांकि पाकिस्तानी खुफिया इकाई आईएसआई ने घाटी में अपने स्लीपर सेल/ओवर ग्राउंड/अंडर ग्राउंड वर्कर को सक्रिय किया था, लेकिन भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की लगातार निगरानी से वे अपनी मंशा में कामयाब नहीं हो सके। सूत्र बताते हैं कि भले ही वहां पर कोई बड़ा प्रदर्शन या अन्य तरह की गतिविधि देखने को नहीं मिली है, लेकिन हमास के समर्थन में अंडर करेंट देखा जा रहा है।

**हमास और जम्मू कश्मीर की चर्चा**– इंटेलिजेंस एजेंसियों को ऐसे इनपुट मिले हैं, जिनमें पाकिस्तान के सोशल मीडिया में जम्मू-कश्मीर को लेकर अनेक संदेशों का आदान प्रदान हुआ है। उन संदेशों में हमास और जम्मू कश्मीर की चर्चा है। जिस तरह से हमास ने इस्त्राइल पर हमला किया है, कुछ वैसा ही दुस्साहस जम्मू-कश्मीर में भी हो सकता है। इसका ये मतलब भी निकाला जा रहा है कि किसी इलाके में आतंकियों की बड़े स्तर पर कोई घुसपैठ कराई जा सकती है। हमास ने इस्त्राइल में प्रवेश करने के लिए जो तकनीक अपनाई थी, कुछ वैसी ही ट्रिक जम्मू कश्मीर में घुसने के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। केंद्रीय एजेंसियों के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है, जम्मू-कश्मीर में पूरी तरह से सतर्कता बरती जा रही है। हर तरह की स्थिति का आंकलन किया जा रहा है। इस्त्राइल और जम्मू-कश्मीर की स्थिति में बहुत ज्यादा अंतर है। भौगोलिक और सामरिक, दोनों ही मामलों में पाकिस्तान के आतंकियों के लिए जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ करना आसान नहीं है। वैसी ट्रिक यहां काम नहीं आएगी।

## मुकेश अंबानी को जान से मारने की धमकी ई-मेल पर मांगे 20 करोड़ रुपये, मामला दर्ज

मुंबई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को जान से मारने की धमकी मिली है। मुकेश को 27 अक्टूबर को एक ईमेल पर जान से मारने की धमकी मिली, जिसमें 20 करोड़ रुपये न देने पर गोली मारने की धमकी दी गई। मामले का पता लगने पर मुंबई के गामदेवी थाने में आईपीसी की धारा 387 और 506 (2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच शुरू कर दी है और जल्दी ही आरोपी का पता लगा लिया जाएगा। मुकेश अंबानी को पिछले साल भी जान से मारने की धमकी मिली थी। तब दक्षिण मुंबई के सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल में एक व्यक्ति ने फोन कर कहा था कि वो अस्पताल को उड़ा देगा और मुकेश, नीता अंबानी और दोनों बेटों की भी जान लेगा। आरोपी ने इसी के साथ अंबानी के घर एंटीलिटा को भी बम से उड़ाने की धमकी दी थी। 2021 में भी मुकेश अंबानी के घर के पास विस्फोटकों से भरी कार मिली थी, जिसके बाद सनसनी फैल गई थी। अंबानी के घर एंटीलिया के पास कार मिलने के बाद उनकी जान को खतरा बताया गया था। कार से पुलिस को 20 जिलेटिन की छड़ें और एक पत्र मिला था, जिसमें अंबानी परिवार को धमकी दी गई थी। इसके बाद पुलिस ने मामले की गहन जांच के बाद कुछ लोगों को गिरफ्तार किया था।



## संपादकीय

# भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारियों को फांसी की सजा के खिलाफ भारत को कूटनीतिक प्रयास करने की जरूरत

कतर की अदालत द्वारा भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों को फांसी की सजा सुनाए जाने को लेकर भारत सरकार की चिंता स्वाभाविक है। ये सभी अधिकारी कतर की एक निजी नौसेना कंपनी में नौकरी करने गए थे। वह कंपनी कतर की नौसेना को प्रशिक्षण देती है। मगर पिछले साल कतर पुलिस ने इन अधिकारियों को इस आरोप में गिरफ्तार कर लिया कि वे इजराइल के लिए कतर की पनडुब्बी परियोजना की जासूसी कर रहे थे। इन्होंने कई बार जमानत की अर्जी लगाई, मगर हर बार उसे खारिज कर दिया गया। अब वहां की अदालत ने इन अधिकारियों को फांसी की सजा सुना दी है। भारत सरकार का कहना है कि वह उनके परिजनों से लगातार संपर्क में है और कतर में उन्हें जो भी राजनयिक मदद मुहैया कराई जा सकती है, सब कराई जाएगी। हालांकि कतर की तरफ से इन अधिकारियों के संबंध में भारत को कोई भी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। कतर की अदालत के इस फैसले को लेकर स्वाभाविक ही तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। इजराइल और हमास के बीच चल रही जंग के बीच इस फैसले को भारत के विरुद्ध बदले की भावना से उठाए गए कदम के रूप में भी देखा जा रहा है। कुछ लोग इसमें पाकिस्तानी खुफिया एजंसी आइएसआइ की साजिश भी मान रहे हैं। कतर कट्टर इस्लामिक देश है। आपराधिक मामलों को लेकर वहां के कानून बेहद सख्त हैं। जासूसी के लिए वहां के कानून के मुताबिक फांसी की सजा मुकर्रर है। अब भारत सरकार का नैतिक दायित्व है कि वह अपने नागरिकों के बचाव में अंतरराष्ट्रीय अदालत में अपील करे। हालांकि यह कोई पहला या अनोखा मामला नहीं है। ज्यादातर देश अपने यहां काम कर रहे विदेशी नागरिकों को शक की नजर से देखते हैं। खासकर दुश्मन देश के नागरिकों पर जासूसी का आरोप लगा कर सजा सुनाने के मामले अक्सर सामने आ जाते हैं। पाकिस्तान कई बार भारतीय नागरिकों को जासूस बता कर सजा सुना चुका है, मगर भारत सरकार ने उससे निपटने की हर कोशिश की है। हालांकि कतर के साथ भारत के वैसे संबंध नहीं हैं, जैसे पाकिस्तान से हैं। कतर की कुल आबादी का करीब एक चौथाई हिस्सा भारतीय नागरिकों का है, जो वहां काम करते हैं। कतर भारत का सबसे बड़ा गैस निर्यातक है। इस तरह दोनों के बीच कभी कोई तल्खी भी नहीं देखी गई। मगर हाल के कुछ वर्षों में जैसी स्थितियां बनी हैं और इजराइल से भारत की नजदीकी बढ़ी है, उसमें कतर का रुख कुछ बदला हुआ नजर आने लगा है। कतर फिलिस्तीन का समर्थक है और इजराइल उसे फूटी आंखों नहीं सुहाता। वह इस्लाम के विरुद्ध किसी भी कदम को बर्दाश्त नहीं करता। ऐसे में जब भारत ने हमास के हमले की निंदा की, तो उसे नागवार गुजरा होगा। फिर मध्यपूर्व से होकर भारत के व्यापारिक मार्ग खुलने को लेकर भी वह नाखुश रहता है। पाकिस्तान से उसकी काफी नजदीकी है। इसलिए पाकिस्तान के उकसावे के कयास को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता। मगर इन कयासों के आधार पर कतर की नीयत को लेकर कोई दावा करना जल्दबाजी होगी। भारत फिलिस्तीनी संप्रभुता की वकालत करते हुए वहां आपदा राहत सामग्री भेज चुका है। फिलहाल भारत के सामने प्रमुख समस्या है कि वह कैसे अपने नागरिकों को फांसी की सजा से बचाए। इसके लिए कूटनीतिक प्रयासों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय अदालत में भी पुरजोर तरीके से अपना पक्ष रखना पड़ेगा।

## चर्चा में इस बार!



प्याज की अब कीमतें ।
चर्चा में इस बार ।।
कौन ज़िम्मेदार है ।
शुरू हुई तकरार ।।
हुई आवक कम ।
है अब काफी देर ।।
दरें आसमान में ।
जेब हो रही ढ़ेर ।।
आनी थी पर जिसकी ।
है आई बहार ।।
देखते हैं कब तक ।
होता चमत्कार ।।
जाते ही बरसात ये ।
है होता हर साल ।।
तड़का राजनीति का ।
होता फिर कमाल ।।
–कृष्णेन्द्र राय

# वाह रे प्याज! अब आंसुओं के सरताज

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

भारत में नवरात्र के 9 दिन धूमधाम से चलने वाले इस महापर्व में ज्यादातर हिंदू परिवारों में इन दिनों में व्रत रखे जाते हैं और प्याज लहसुन आदि कुछ सब्जियों व वस्तुओं का सेवन नहीं किया जाता जिसके कारण इनके दाम कम हो जाते हैं या स्थिर रहते हैं,क्योंकि इनकाइस्तेमाल नहीं होने से खपत बहुत कम हो जाती है, और प्याज की कीमतें अनेको दिनों तक कम ही रहती है, परंतु इस बार नवरात्रा समाप्त होने के दूसरे दिन ही प्याज की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के साथ ग्राफ बढ़ता जा रहा है। जब मैं नवरातत्रा समाप्ति के दूसरे दिन सब्जी मंडी में गया तो प्याज का भाव सुनकर स्तब्ध रह गया क्योंकि नवरात्रा के एक दिन पहले ही मैं 26 रुपए प्रति किलो के रेट से प्याज खरीदे थे, इस महंगाई का कारण मेरी समझ से परे है !सब्जी वाले से बात करने पर उन्होंने बताया कि इस बार प्याज 100 रुपए प्रति किलोग्राम से अधिक तक जाने की संभावना है। हालांकि सरकार ने दिनांक 19 अगस्त 2023 को वित्त मंत्रालय राजस्व विभाग द्वारा अधिसूचना क्रमांक 47/2023 सीमाशुल्क जारी कर प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है जो तत्काल प्रभाव से 31 दिसंबर 2023 तक जारी रहेगा, क्योंकि एक जानकारी के अनुसार जनवरीःमार्च 2023 में प्याज का निर्यात 8.2 लाख टन रहा जबकि यही पिछली अवधि यानें जनवरी-मार्च 2022 में 3.8 लाख टन था। भारत में टमाटर और प्याज को स्वाद याने टेस्ट की चाबी माना जाता है जो भोजन रूपी दरवाजे और उसके स्वाद को प्याज टमाटर रूपी चाबी से खोला जाता है। यानें यह दोनों नहीं रहे तो मेरा मानना है कि अमीर से गरीब व्यक्ति तक को भोजन के स्वाद में कुछ ना कुछ कमीं महसूस करने को मिल जाएगी, इसका अनुभव घर के होम मिनिस्टर यानें महिलाओं को अधिक अनुभव होना लाजमी है, क्योंकि बिना प्याज टमाटर के सब्जी बनाना कितना मुश्किल होता है इनसे अधिक कोई नहीं जान सकता। क्योंकि यदि सब्जी में प्याज किसी को वर्जित है तो उसका अल्टरनेट टमाटर है और टमाटर का अल्टरनेट प्याज है, यदि दोनों ही नहीं हो तो स्वाद की चाबी गुम समझो ! चूंकि अभी प्याज एकाएक 60 -70 रुपए प्रति किलोग्राम हो गए हैं इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी और मेरी ग्राउंड रिपोर्टिंग के आधार पर हम चर्चा करेंगे वाह प्याज ! अब आंसुओं के सरताज। साथियों बात अगर हम प्याज की महंगाई के क्रमिक रूप से बढ़ती भारी कीमतों को समझने की करें तो, टमाटर के बाद प्याज ने रुलाने की प्लानिंग शुरू कर दी है। बीते 15 दिनों में लासलगांव एपीएमसी में प्याज की थोक कीमतों में 58 फीसदी का इजाफा हो चुका है। खास बात तो ये है पिछले हफ्ते ही प्याज की कीमत में 18 फीसदी का इजाफा हुआ है। दिसंबर महीने तक प्याज के दाम में तेजी देखने को मिल सकती है। दो दिन पहले तक, लासलगांव मार्केट में में प्याज की औसत कीमत 38 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जो दो सप्ताह पहले 24 रुपए प्रति किलोग्राम से 58 प्रतिशत अधिक है. इससे पहले जुलाई और अगस्त के महीने में टमाटर की कीमत आसमान पर पहुंच गई थी। जिसकी वजह से आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। महंगाई की वजह से सरकार के माथे पर बल पड़ने शुरू हो गए थे। अब प्याज रुलाने की तैयारी कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में प्याज की खुदरा कीमतें 25-50 फीसदी तक बढ़ गई हैं। फिलहाल प्याज 60-70 रुपये किलो बिक रहा है। बुधवार को दिल्ली के साथ-साथ महाराष्ट्र के कुछ बाजारों में अच्छी क्वालिटी वाले प्याज की उच्चतम कीमत 70 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई। अहमदनगर में, 10 दिनों में प्याज की औसत कीमतें लगभग 35 रुपए प्रति किलो से बढ़कर 55 रुपए प्रति किलो हो गई हैं। इसी तरह, महाराष्ट्र के अधिकांश प्याज उत्पादक जिलों में प्याज की थोक



कीमतें अब 45 से 48 रुपए प्रति किलोग्राम के बीच है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि प्याज की कीमतें दिसंबर तक बढ़ने का अनुमान है, साथ ही नई खरीफ फसल के आने में भी देरी हो रही है, जो लगभग दो महीने की देरी से आने की उम्मीद है. बाजारों में प्याज की घटती आवक प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी का मुख्य कारण है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले एक पखवाड़े में, भंडारित प्याज की आवक में लगभग 40 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो लगभग 400 वाहन प्रति दिन (10 टन प्रत्येक) से घटकर लगभग 250 वाहन हो गई है।

साथियों बात अगर हम नई प्याज आने की करें तो, यह स्थिति बनी रहने की उम्मीद है क्योंकि खरीफ सीजन से नए लाल प्याज की आवक में लगभग दो महीने की देरी हो रही है। बता दें केंद्र सरकार ने 19 अगस्त को प्याज के निर्यात पर 40 फीसदी शुल्क लगा दिया था, इसके अतिरिक्त, सरकार ने बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए नेफेड द्वारा खरीदे गए प्याज को मौजूदा बाजार दरों से कम पर थोक बाजारों में बेचना शुरू कर दिया था।

साथियों बात अगर हम प्याज पर निर्यात शुल्क 40 प्रतिशत लगाने के कारणों की करें तो, इस साल जनवरी से मार्च 2023 की अवधि में प्याज का निर्यात असाधारण रूप से उच्च स्तरपर लगभग 8.2 लाख टन रहा है, जबकि पिछले साल इस अवधि में यह 3.8 लाख टन था।सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे प्रमुख प्याज उत्पादक राज्यों में मानसून के देरी से आने के कारण खरीफ की बुआई में देरी हुई।यही कारण रहा है कि प्याज समेत अन्य जरूरी सब्जियों की औसत खुदरा कीमत एक महीने पहले के 25 रुपये की तुलना में बढ़कर 30 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इससे पहले, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) ने भी महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से 1.50 लाख टन प्याज की खरीद की थी। इसके अलावा, प्याज की शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए सरकार ने पायलट आधार पर भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) की मदद से इसका विकिरण शुरू किया। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 2020-21 से 2023-24 के बीच उच्च खपत वाले क्षेत्रों में रबी सीजन की खरीद के कारण प्याज का वार्षिक बफर एक लाख टन से तीन लाख टन तक होगा। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है, प्याज बफर ने उपभोक्ताओं को सस्ती कीमतों पर प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करने और मूल्य स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।भारत को प्याज की लगभग 65 प्रतिशत आपूर्ति रबी सीजन से प्राप्त होती है, जिसकी कटाई अप्रैल-जून के दौरान होती है और अक्टूबर-नवंबर में खरीफ फसल की कटाई होने तक उपभोक्ताओं की मांग को पूरा किया जाता है।

साथियों बात अगर हम प्याज महंगे होने के इतिहास की करें तो, प्याज के महंगे होने की कहानी कोई पहली बार की नहीं है। अगर 10 साल पीछे के प्याज कारोबार को देखें तो महंगी प्याज ने कई रिकॉर्ड बनाए हैं। देश की सरकारों को हिलाने के साथ ही यह भी पहला ही मौका था जब किसी सामान के महंगा होने की वजह जानने के लिए जांचआयोग बनाया गया था। हालांकि जमाखोरों और दलालों के चलते आयोग को अपना काम बीच में ही बंद करना पड़ा था। लेकिन बंद होने से पहले आयोग ने यह रिपोर्ट दे दी थी कि प्याज महंगी होने के पीछे कोई एक नहीं कई बड़ी वजह हैं. आपको बता दें कि दिल्ली समेत देशभर में रफ्तार पकड़ रही प्याज के भाव को कंट्रोल करने की कवायद का असर शायद दिखने लगा है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि वाह रे प्याज ! अब आंसुओं के सरताज।किचन के बॉस प्याज ने दिखाया दम ! महंगाई का फोड़ा बम।नवरातत्रा समाप्त होते ही त्योहारों के सीजन की दस्तक में प्याज के भाव आसमान छूने लगे!

# मणिपुर हिंसा पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने काफी प्रासंगिक सवाल उठाये हैं

**संतोष पाठक**

अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में कई बार ऐसी परिस्थितियां बन जाती है कि कोई देश चाहकर भी उन सारी बातों का सार्वजनिक तौर पर खुलासा नहीं कर सकता है जिन बातों को जानना, उस देश विशेष के नागरिकों के साथ-साथ पूरी दुनिया के लिए बहुत जरूरी है।

कनाडा के साथ जारी तनाव के मसले पर विदेश मंत्री एस जयशंकर का यह बयान कि भारत कनाडा के कर्मचारियों के लगातार दखल से चिंतित था, भारत ने इस मुद्दे पर बहुत कुछ सार्वजनिक नहीं किया है और उनके हिसाब से समय के साथ-साथ अधिक चीजें बाहर आ जाएंगी और लोग समझेंगे कि भारत को किस तरह की असहजता थी। उन्होंने कहा कि भारत और कनाडा के संबंध इस समय बेहद मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं लेकिन वह बताना चाहते हैं कि भारत को कनाडाई राजनीति के कुछ हिस्सों और नीतियों से दिक्कत है। साफ-साफ समझ आ रहा है कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा के साथ जारी विवाद के बीच जितना कुछ बताया है, उससे कहीं ज्यादा छुपाया है और यह अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति का तकाजा होता है कि बहुत सारी बातें खुलकर नहीं कही जाती, इशारों में ही कही जाती है या फिर एक्शन के जरिए बताया जाता है। कुछ इसी तरह का मसला मणिपुर में जारी हिंसा का भी नजर आ रहा है। सरकार भले ही मणिपुर हिंसा से जुड़े तमाम पहलुओं पर खुलकर बहुत कुछ नहीं कह पा रही हो लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने मणिपुर में जारी हिंसा के सच को उजागर कर दिया है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को विजयादशमी के अवसर पर नागपुर में अपना भाषण देते हुए सवाल उठाते हुए पूछा, मणिपुर की वर्तमान स्थिति को देखते हैं तो यह बात ध्यान में आती है कि लगभग एक दशक से शांत मणिपुर में अचानक यह आपसी फूट की आग कैसे लग गई? क्या हिंसा करने वाले लोगों में सीमापार के अतिवादी भी थे? अपने अस्तित्व के भविष्य के प्रति



आशंकित मणिपुरी मैतेयी समाज और कुकी समाज के इस आपसी संघर्ष को सांप्रदायिक रूप देने का प्रयास क्यों और किसके द्वारा हुआ? वर्षों से वहाँ पर सबकी समदृष्टि से सेवा करने में लगे संघ जैसे संगठन को बिना कारण इसमें घसीटने का प्रयास करने में किसका निहित स्वार्थ है? इस सीमा क्षेत्र में नागाभूमि व मिजोरम के बीच स्थित मणिपुर में ऐसी अशांति व अस्थिरता का लाभ प्राप्त करने में किन विदेशी सत्ताओं को रुचि हो सकती है? क्या इन घटनाओं के कारण परंपराओं में दक्षिण पूर्व एशिया की भू- राजनीति की भी कोई भूमिका है? देश में मजबूत सरकार के होते हुए भी यह हिंसा किन के बलबूते इतने दिन बेरोकटोक चलती रही है? गत 9 वर्षों से चल रही शान्ति की स्थिति को बरकरार रखना चाहने वाली राज्य सरकार होकर भी यह हिंसा क्यों भड़की और चलती रही? आज की स्थिति में जब संघर्षरत दोनों पक्षों के लोग शांति चाह रहे हैं, उस दिशा में कोई सकारात्मक कदम उठता हुआ दिखते ही कोई हादसा करवा कर, फिर से विद्वेष व हिंसा भड़काने वाली ताकतें कौन-सी हैं? दक्षिण पूर्व एशिया की भू राजनीति और हिंसा में सीमा पार के अतिवादियों की भूमिका के बारे में सवाल उठाकर संघ प्रमुख ने एक बड़ा इशारा तो कर ही दिया है कि मणिपुर हिंसा के लिए कितनी बड़ी ताकतें जिम्मेदार हैं। ऐसे में शायद सरकार के लिए भी अब सही समय आ गया है कि जिस दो टूक अंदाज में कनाडा के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है उसी अंदाज में मणिपुर हिंसा को उकसाने और बढ़ाने वाले विदेशी ताकतों और उनका सहयोग करने वाले घरेलू संगठनों को भी मुंहतोड़ जवाब दिया जाए।

मणिपुर हिंसा को लेकर जो भी कहा उसका एक-एक वाक्य अपने आप में यह बताता हुआ नजर आ रहा है कि भारत की बढ़ती साख और वैश्विक प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए केंद्र में एक मजबूत सरकार होने के बावजूद किस तरह से मणिपुर को हिंसा की आग में झोंका गया और अभी भी लगातार इस राज्य में हिंसा को बढ़ावा देने की साजिशें रची जा रही हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कई गंभीर

# नदी गोमती और कैथी.....!

नदी गोमती क्यों कैथी आई,
क्यों आकर वह गंग समाई...?
ना कहीं पढ़ा अभी तक,
ना कुछ सुना...अभी तक भाई...
ऋषि वशिष्ठ की यह बेटी ...
थक सी गई होगी शायद,
लोगों के धोते-धोते पाप...!
ढूँढ़ रही होगी वह मन से,
मिल जाए कोई स्थल निष्पाप...
जहाँ शान्तमना होकर,
वह ले पाए विश्राम....
इस आशा-प्रत्याशा में उसने,
विचार किया होगा मन में...
क्यों उत्तर बहती गंगा इस उपवन में...
कुछ तो कारण होगा....!
जो यहाँ दिशा बदली हैं गंगा...
राजा भगीरथ के पदचिन्हों ने भी,
उसको विश्वास दिलाया होगा...
ऋषि मार्कण्डेय की अमरता का भी,
एहसास उसे हुआ होगा....
जान लिया होगा उसने...!
गंगा की पाप-नाशिनी शक्ति...
सोचा होगा यह भी मन में...
यहीं...मुफ्त मिलेगी मुझको...!
औघड़दानी...शिव की भक्ति...
इसी चाह में...मतवाली होकर...
भूल गई होगी वह...सब कुछ अपना..
फिर कैथी की पावन धरती में ही...
गंगा में मिलने की चाहत को,
मान लिया उसने जीवन का सपना....
फिर तो...दोनों बाहें फैलाए....
आतुर-विह्वल-पागल हो गई वह....!
पतित-पावनी में मिल जाने को....
अंग-भंग जो हुआ कहीं पर,
ना उसको कोई इसकी चिंता थी...
बस आपना...सपना सच करने की...
मन में उसके व्याकुलता थी...
मान चुकी थी वह गंगा को सागर,
बस जल्दी से मिलने की उत्कंठा थी..
आनन-फानन में ही उसने...!
अंग-अंग सब शिथिल किया,
खुद की आत्मा तक को भी...!
गंग में उसने विलीन किया...
वाम दिशा से गंगा ने भी,
उसको भरपूर दुलार दिया...
दोनों बाहें फैलाकर...!
भर उसको अँकवार लिया..
फिर तो....नदी गोमती ने....जमकर...
पावन गंगा में स्नान किया...
सफल हुआ अब आराधन था...सो..!
उसने गंगा की गोदी में,
प्रसन्नचित विश्राम लिया...
दो सुर मिलकर एक हुए थे अब,
ऋषियों ने इसको संगम नाम दिया...
नित बैठ किनारे इसके..!
मन्त्रपूत ऋषियों ने मिलकर,
यहीं अमरता का गान किया...
सच मानो मित्रों...कैथी में...
जो नदी गोमती मिली गंग से...
एक मनोरम अध्याय जुड़ा,
पवित्र हुई धरा कैथी की...
एक तीरथ को जगमग विस्तार दिया..

कैथी... वाराणसी स्थित वह पवित्र गाँव जहाँ नदी गंगा और गोमती का संगम है।यहीं पर मार्कण्डेय महादेव का प्रसिद्ध मन्दिर है,जहाँ यमराज जी ने भी हार मानी थी।



रचनाकार....
जितेन्द्र कुमार दुबे
अपर पुलिस अधीक्षक
जनपद...कासगंज

# डीएम व एसपी ने थाना दिवस में सुनी फरियाद, निस्तारण के लिए मातहतों को दिया निर्देश

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शासन के निर्देश पर आज चतुर्थ शनिवार को थाना दिवस जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में थाना भावरकोल में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधिक्षक ने उपस्थित फरियादियों की फरियाद सुनने के साथ ही शिकायतो को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया। इस मौके पर थाना भावरकोल मे 05 फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायत पत्र दिया जिसके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफियाओ के विरूद्ध एन्टी भू माफिया एक्ट के अन्तर्गत



मुकदमा पंजीकृत करते हुए कड़ी कार्यवाही करे और गरीबो के पट्टे आदि की भूमि पर कब्जा करने वालो के खिलाफ केस दर्ज कर तत्काल जेल भेजा जाय। इस मौके पर उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद, क्षेत्राधिकारी भावरकोल, थाना प्रभारी, लेखपाल एंव अन्य अधिकारीगण एवं पुलिस विभाग से सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कासिमाबाद पुलिस ने किया 8 गोवंश, 1 पिकप व स्कार्पियो सहित 5 अभियुक्त को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद निकट पर्यवेक्षण में शुक्रवार को 08 अदद गोवंश बौरी पुल के पास से मुखबीर खास की सूचना पर बरामद किया गया तथा 05 नफ? अभियुक्त को लगभग सायं 08 बजे गिरफ्तार किया गया । घटना में प्रयुक्त 01 अदद पिकप यूपी 54एटी1549 व 01 अदद स्कार्पियो नं0 यूपी 16एएच1520 को मौके से बरामद किया गया। अभियुक्त गण के विरूद्ध थाना स्थानीय धारा 3/5अ/5ब/8 गौ हत्या निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभिउक्तो में लालू यादव उर्फ शुभम यादव पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी रामपुर अछार थाना दक्षिण टोला जनपद मऊ उम्र करीब 22 वर्ष, हाशिम नट पुत्र जुम्मन नट निवासी तराँव थाना चन्दवक जनपद जौनपुर उम्र करीब 31वर्ष, मुफिद पुत्र सेवक निवासी तराँव थाना चन्दवक जनपद जौनपुर उम्र करीब 23 वर्ष, बृजमोहन यादव उर्फ मोनू पुत्र उमाशंकर यादव निवासी रामपुर अछार थाना दक्षिण टोला जनपद मऊ उम्र करीब 25 वर्ष, राजेश कुमार पुत्र महेन्द्र कुमार निवासी भुड़की थाना देवगाँव जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 25 वर्ष।


# मिशन शक्ति के तहत पुलिस द्वारा चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं, बेटियों को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करते हुए उनमें सुरक्षा, आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से ह्यह्यमिशन शक्तिह्व अभियान के तहत शनिवार को पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों, बीटों, स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थानों, मंदिरों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओ, बलिकाओं से संवाद कर उन्हें महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने-अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया । वर्तमान समय मे हो रहे विभिन्न तरीकों के साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी दी गयी । साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरूक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें जिससें समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

# पर्यावरण के विषाक्त पदार्थ को नियंत्रित कर सकते हैं सूक्ष्म जीव और पौधे: प्रो. प्रत्यूष शुक्ला

## दीक्षांत समारोह के प्री कन्वोकेशन सप्ताहांत के अंतर्गत हुआ व्याख्यान का आयोजन

प्रखर जौनपुर। कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल राज्यपाल उत्तर प्रदेश एवं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह की प्रेरणा से व्याख्यानमाला श्रृंखला के कड़ी में 28 अक्टूबर शनिवार को परिसर के संकाय भवन में बनारस हिंदू विश्व विद्यालय बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर प्रत्यूष शुक्ला का व्याख्यान हुआ। इस अवसर पर प्रोफेसर शुक्ला ने कंप्यूटेशनल टूल्स के माध्यम से कैसे हम पर्यावरण में प्रदूषकों की सांद्रता या विषाक्त प्रभाव को कम करने के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में तकनीक के विकसित होने से आज कंप्यूटेशनल टूल के माध्यम से सूक्ष्म जीवों के जीन को एडिटिंग करके डिजाइनर सूक्ष्मजीव बनाए जा सकते हैं जिनका प्रयोग विषाक्त पदार्थ के प्रभाव को नियंत्रण में किया जा सकता है। कैडमियम, क्रोमियम, सीसा, एल्युमीनियम, आर्सेनिक और एंटीमनी जैसी भारी धातुओं से दूषित मिट्टी वाली जगहों पर इस तकनीक की तेजी से जांच और उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय ऐसा है जिसमें विभिन्न प्रकार के सूक्ष्म जीवों के अध्ययन से बहुत सारे आकंड़े उत्पन्न हो रहे हैं उनके लिए कंप्यूटर आधारित सॉफ्टवेयर का प्रयोग लाभदायक होगा। कार्यक्रम का संचालन शोध छात्रा आतिफा हफीज और स्वागत प्रोफेसर रामनारायण द्वारा किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा संकायाध्यक्ष विज्ञान संकाय प्रोफेसर राजेश शर्मा ने रखी। धन्यवाद ज्ञापन बायोटेक्नोलॉजी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर मनीष कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के विभिन्न विभागों के शिक्षक डॉ. एसपी तिवारी, डॉ सुधीर उपाध्याय , डॉ संजीव मौर्य, ऋषि श्रीवास्तव , डॉ सिपाही लाल पटेल, डॉ दिनेश कन्नौजिया एवं छात्र उपस्थित रहे।



## 30 अक्तूबर को आयेंगे सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर



प्रखर फाजिलनगर। विकास खंड फाजिलनगर के सुमही बुजुर्ग में 30 अक्तूबर को सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के आगमन को लेकर तैयारियां जोरों पर है। जिसके संबंध में शनिवार को प्रेस वार्ता किया गया। पूर्व विधायक व पार्टी के प्रदेश महासचिव रामानंद बौद्ध ने कहा कि ओम प्रकाश राजभर 30 अक्तूबर को दिन के 11 बजे सुमही बुजुर्ग में सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी के युवा कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने आ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि श्री राजभर गरीब, मजदूर, असहायो की लड़ाई लड़ते है वह सभी समाज के हित की लड़ाई लड़ते हैं। प्रदेश प्रवक्ता अमित कुमार सिंह ने कहा कि हमारी पार्टी आज प्रदेश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है जिस तरह से पार्टी में कार्यकर्ता मेहनत कर रहे हैं आने वाले समय में राष्ट्रीय पार्टी की दर्जा मिल सकता है। प्रेस वार्ता को प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार राव, महिला मोर्चा के प्रदेश प्रमुख महासचिव, सुनीता राजभर, प्रदेश उपाध्यक्ष दिग्विजयनाथ यादव, प्रदेश सचिव राजाराम पासवान, मंडल प्रभारी ध्रुवदेव राजभर, विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र राजभर, आदि ने संबोधित किया। 30 अक्तूबर को होने वाले कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष युवा मंच प्रदीप कुमार राव करेंगे। इस दौरान हरिकिशन सिंह, अखिलेश सिंह, अवनीश सिंह, अनुराग सिंह, सुधांशुधर त्रिपाठी, अतुल पाण्डेय, प्रदीप शर्मा, अमलेश शर्मा, दशरथ गुप्ता, बशिष्ट प्रसाद, अमृत सिंह गोलू कुमार, सहित ढेरों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल द्वारा आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत आधुनिक हृदय चिकित्सा सेवा का शुभारंभ

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। कैण्ट रोडवेज स्थित काशी के प्रथम कॉरपोरेट सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल के सभागार में 28 अक्टूबर शनिवार कों पत्रकार वार्ता का किया गया आयोजन। पत्रकार वार्ता के माध्यम से सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल द्वारा आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत अत्याधुनिक हृदय चिकित्सा सेवा के शुभारंभ के बारे में दी गयी विस्तृत जानकारी` आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत मध्यम एवं निम्न वर्गीय समाज के लोगों को कम पैसे में आधुनिकतम हृदय चिकित्सा सेवा बाईपास सर्जरी, एंजीयोप्लास्टी-स्टेन्ट लगाना, पेसमेकर, वाल्व प्रत्यारोपण, कोरोनरी एंजीयोग्राफी, 2डी इको, टीएमटी, हॉल्टर, इलेक्ट्रो फिजियोलॉजी, वक्षीय सर्जरी एवं फेफड़े के ट्यूमर की सर्जरी आदि प्रदान की जाती है। जैसा कि विदित हो कि कैण्ट रोडवेज स्थित सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल पूर्वाचल का प्रथम कॉरपोरेट सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल है जहाँ पर बड़े शहरों की तरह चिकित्सा सुवधायें रियायती मूल्य पर उपलब्ध करायी जाती है इस हॉस्पिटल में मरीजों को अपने घर जैसे माहौल में ईलाज किया जाता है। इस अवसर पर डॉ. मोहित सक्सेना (सीटीवीएस सर्जन), डॉ. भूपेन्द्र वर्मा (कार्डियोलॉजिस्ट) ने आधुनिक हृदय चिकित्सा पद्धति पर विशेष रूप से व्याख्या दी` सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल में मुख्यतः हृदय रोग, न्यूरो सर्जरी, कैंसर सर्जरी, जनरल सर्जरी, ट्रामा, घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण, गैस्ट्रो एवं लीवर डिपार्टमेंट आदि विभागों की सुविधायें उपलब्ध है। पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्यतः मेडिकल डायरेक्टर डॉ. सफीर हैदर, वाइस प्रेसीडेंट सुमित सैनी एवं यूनिट हेड आदित्य झा सहित इत्यादि उपस्थित रहे।

## माफिया की 200 करोड़ 95 लाख रूपए की सम्पत्ति हुई जब्त

प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा संगठित अपराधों पर अंकुश लगाने एवं गैंगस्टर एक्ट के अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी गोरखपुर के मार्गदर्शन में, जिलाधिकारी गोरखपुर के आदेश के क्रम में 1. मु0अ0सं0 109/ 2009 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर, 2. मु0अ0सं0 1265/2010 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर, 3. मु0अ0सं0 1123/2011 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट थाना कैंट जनपद गोरखपुर, 4. मु0अ0सं0 1047/2017 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट थाना कैंट जनपद गोरखपुर से संबंधित अभियुक्त सुधीर सिंह पुत्र स्व0 सुरेंद्र सिंह निवासी कालेसर थाना गीडा जनपद गोरखपुर द्वारा अपराध के माध्यम से अर्जित धन से अपने व अपने परिजनों के नाम से अवैध संपत्ति/जमीन 1. खाता सं0/ गाटा सं0-56/264 मि0 2. खाता सं0/ गाटा सं056/527मि0 3. खाता सं0/ गाटा सं056/610 मि0 4.खाता सं0/ गाटा सं0 267/536 मि0 5. खाता सं0/ गाटा सं096/424 मि0 को राजस्व टीम तहसीलदार राकेश कुमार कन्नौजिया सहजनवा व लेखपाल वरुण सिंह कालेसर के द्वारा क्षेत्राधिकार कैम्पियरगंज व थानाध्यक्ष रतन कुमार पाण्डेय थाना गीड़ा की मौजूदगी में उ0प्र0 गिरोह बन्द समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधि0 1986 की धारा 14(1) के अन्तर्गत जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी । जब्त की गयी सम्पत्ति की अनुमानित कीमत कुल लगभग 200 करोड़ 95 लाख रूपए है । ज्ञात्वय हो की दिनांक 22.10.2023 को अभियुक्त सुधीर सिंह उपरोक्त की लगभग 100 करोड़ 05 लाख की संपत्ति/जमीन को जब्त किया जा चूका है । अभियुक्त के विरूद्ध कार्यवाही प्रचलित है ।



## डायट सारनाथ में स्टेट एजुकेशनल अचीवमेंट सर्वे का प्रशिक्षण शुरू

प्रखर पिंडरा वाराणसी। जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान सारनाथ में भारत सरकार के मिनीस्टरी आफ एजुकेशन, एनसीईआरटी एवं एससीइआरटी उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित "स्टेट एजुकेशनल अचीवमेंट सर्वे -2023" के फील्ड इन्वेस्टीगेशन प्रशिक्षण का कार्य 26 अक्टूबर से शुरू होकर 30 अक्टूबर तक चलेगा। 26 अक्टूबर को सभी ब्लाक के खण्ड शिक्षा अधिकारी, एसआरजी, सभी एआरपी को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर बोलते हुए डायट प्राचार्य उमेश कुमार शुक्ल ने बताया कि यह सर्वे जनपद के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्राइवेट तथा गवर्नमेंट दोनों तरह के 780 चयनित विद्यालयों के 23174 छात्रों का किया जाना है। इस सर्वे में विद्यालय का, शिक्षक का तथा छात्रों का प्रश्नावली एवं ओएमआर शीट के माध्यम से सर्वे किया जाएगा। प्रशिक्षण के दूसरे दिन से जनपद के लगभग 860 शिक्षकों का प्रशिक्षण सतत गतिमान है। सर्वे के प्रशिक्षक डायट प्रवक्ता हरगोविंद पुरी ने सर्वे के संबंध में बताया कि यह प्रशिक्षण हिंदी, अंग्रेजी एवं उर्दू माध्यम के तीनों तरह के विद्यालयों में एवं प्राथमिक से लेकर इंटरमीडिएट तक के चयनित प्राइवेट एवं सरकारी विद्यालयों में कक्षा 3 कक्षा 6 एवं कक्षा 9 के 30-30 छात्रों का सर्वे करना है। इस सर्वे में छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि, विद्यालय का शैक्षिक आकलन, तथा शिक्षकों के व्यावसायिक क्षमता के संबंध में विस्तृत जानकारी से संबंधित प्रश्न पूछे जाने की संभावना है। इस प्रश्नावली में छात्रों के दक्षता, कौशल, भाषायी ज्ञान तथा संख्या संबंधी प्रश्नों को भी समायोजित किये जाने की संभावना है। इस सर्वे का टेस्ट 3 नवम्बर को होना सुनिश्चित किया गया है। प्रशिक्षण के अवसर पर प्रशिक्षक नरसिंह मौर्य, अरविन्द सिंह, गोविंद चौबे, सत्यम श्रीवास्तव, अनुज श्रीवास्तव, रोशन श्रीवास्तव, श्रेया आदि लोग उपस्थित रहे।



## पीजी कालेज धरना के 16वें दिन छात्रों ने दी 30 अक्टूबर से आमरण अनशन की चेतावनी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पीजी कॉलेज के प्रांगण में छात्रों ने सोलहवें दिन शुक्रवार को भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। धरना का समर्थन करते हुए पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने कहा कि छात्रसंघ बहाली सहित 32 सूत्रीय मांगों को लेकर छात्र जो गांधीवादी तरीके से आंदोलन कर रहे हैं इनके आंदोलन को कॉलेज प्रशासन और जिला प्रशासन हल्के में न ले अन्यथा आंदोलन की चिंगारी पूरे जनपद में उग्र छात्र आंदोलन का रूप ले सकती है जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन व जिला प्रशासन की होंगी। पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन छात्रों के साथ खुलेआम शोषण, अत्याचार व अवैध वसूली कर रहा है और छात्रों कि जायज मांगों कि अनदेखी कर रहा है जिसे छात्र कदापि बर्दाश्त नहीं करेंगे यदि 48 घंटे में छात्रों कि मांग को पूर्ण नहीं करता है तो छात्र 30 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठने को विवश होंगे आमरण अनशन में बैठे किसी भी छात्र कि तबियत बिगड़ती है तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन व जिला प्रशासन की होंगी।

## तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियो को मिली जिम्मेदारी

प्रखर संतकबीरनगर। जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने बताया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ के निदेर्शानुसार तीनों विधान सभा क्षेत्रों के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि 312- मेंहदावल में उप जिलाधिकारी मेंहदावल, 313-खलीलाबाद में उप जिलाधिकारी खलीलाबाद एवं 314-धनघटा(अ0जा0) में उप जिलाधिकारी धनघटा को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार 312- मेंहदावल में तहसीलदार मेंहदावल, खण्ड विकास अधिकारी मेंहदावल, खण्ड विकास अधिकारी बेलहर कलां, खण्ड विकास अधिकारी बघौली, खण्ड विकास अधिकारी सांथा एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी मेंहदावल एवं 313-खलीलाबाद हेतु तहसीलदार खलीलाबाद, खण्ड विकास अधिकारी खलीलाबाद, खण्ड विकास अधिकारी सेमरियांवा, खण्ड शिक्षा अधिकारी खलीलाबाद तथा 314-धनघटा (अ0जा0) हेतु तहसीलदार धनघटा, खण्ड विकास अधिकारी हैंसर बाजार, खण्ड विकास अधिकारी पौली, खण्ड विकास अधिकारी नाथनगर एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी हैंसर बाजार को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।



## सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल द्वारा आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत आधुनिक हृदय चिकित्सा सेवा का शुभारंभ

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। कैण्ट रोडवेज स्थित काशी के प्रथम कॉरपोरेट सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल के सभागार में 28 अक्टूबर शनिवार कों पत्रकार वार्ता का किया गया आयोजन। पत्रकार वार्ता के माध्यम से सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल द्वारा आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत अत्याधुनिक हृदय चिकित्सा सेवा के शुभारंभ के बारे में दी गयी विस्तृत जानकारी ` आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत मध्यम एवं निम्न वर्गीय समाज के लोगों को कम पैसे में आधुनिकतम हृदय चिकित्सा सेवा बाईपास सर्जरी, एंजीयोप्लास्टी-स्टेन्ट लगाना, पेसमेकर, वाल्व प्रत्यारोपण, कोरोनरी एंजीयोग्राफी, 2डी इको, टीएमटी, हॉल्टर, इलेक्ट्रो फिजियोलॉजी, वक्षीय सर्जरी एवं फेफड़े के ट्यूमर की सर्जरी आदि प्रदान की जाती है। जैसा कि विदित हो कि कैण्ट रोडवेज स्थित सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल पूर्वाचल का प्रथम कॉरपोरेट सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल है जहाँ पर बड़े शहरों की तरह चिकित्सा सुवधायें रियायती मूल्य पर उपलब्ध करायी जाती है इस हॉस्पिटल में मरीजों को अपने घर जैसे माहौल में ईलाज किया जाता है। इस अवसर पर डॉ. मोहित सक्सेना (सीटीवीएस सर्जन), डॉ. भूपेन्द्र वर्मा (कार्डियोलॉजिस्ट) ने आधुनिक हृदय चिकित्सा पद्धति पर विशेष रूप से व्याख्या दी` सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल में मुख्यतः हृदय रोग, न्यूरो सर्जरी, कैंसर सर्जरी, जनरल सर्जरी, ट्रामा, घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण, गैस्ट्रो एवं लीवर डिपार्टमेंट आदि विभागों की सुविधायें उपलब्ध है। पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्यतः मेडिकल डायरेक्टर डॉ. सफीर हैदर, वाइस प्रेसीडेंट सुमित सैनी एवं यूनिट हेड आदित्य झा सहित इत्यादि उपस्थित रहे।



## जालसाजी के आरोप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बहादुरगंज निकहत परवीन गिरफ्तार



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के निकट पर्यवेक्षण में शनिवार को प्रभारी निरीक्षक कासिमाबाद गाजीपुर, महिला थानाध्यक्ष तथा थाना बिरनो की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा धारा 419/420/467/468/471/120बी भादवि थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर से सम्बन्धित अभियुक्ता निकहत परवीन पूर्व चेयरमैन नगर पालिका बहादुरगंज पत्नी रियाज अहमद अंसारी निवासी मोहल्ला दक्खिन टोला बहादुरगंज कस्बा पोस्ट बहादुरगंज थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर को उसके घर से समय सुबह करीब 06.20 बजे नियमानुसार गिरफ्तार किया गया तथा अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही प्रचलित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियुक्ता निकहत परवीन द्वारा इण्टरमीडिएट सन 2005 का अंक पत्र उपलब्ध कराया गया था उसके द्वारा वर्ष 2005 में पूर्णांक 500 में 260 अंक प्राप्त किया गया जिसका प्रतिशत 52 % था जो कि न्यून्तम शैक्षिक योग्यता 55 % के कम है, जबकि अभियुक्ता द्वारा जो अंकपत्र संलग्न किया गया था उसमें पूर्णांक 500 में से प्राप्तांक 278 दिखाया गया जिसका प्रतिशत 55.6 % था। तत्कालीन प्रबन्धक द्वारा अंक पत्र का सत्यापन किये बिना पत्रावली से सम्बन्धित प्रपत्रों को प्रमाणित करते हुए उच्चाधिकारी गण को प्रेषित कर दिया गया था। इस प्रकार निकहत परवीन द्वारा इण्टरमीडिएट वर्ष 2005 का कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत कर तत्काली प्रबन्धक के सहयोग से सहायक अध्यापक (तहतानिया) का पद प्राप्त किया गया तथा पद के सापेक्ष वेतन भी प्राप्त किया गया, अभियुक्ता निकहत परवीन व तत्कालीन प्रबन्धक नजीर अहमद तथा चयन समिति के सदस्यों का उक्त कृत्य आपराधिक श्रेणी में आता है, जिसके विरुद्ध नियमानुसार अभियोग पंजीकृत करके नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। गिरफ्तार करनें वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना कासिमाबाद,जनपद गाजीपुर मय टीम, थानाध्यक्ष महिला थाना जनपद गाजीपुर मय टीम तथा थानाध्यक्ष बिरनो जनपद गाजीपुपर मय टीम के सदस्य शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कालीचौरा मन्दिर पर 18वां वार्षिकोत्सव सम्पन्न



प्रखर शाहगंज जौनपुर। नगर के पक्का पोखरा स्थित काली चौरा मन्दिर पर विशाल भंडारा व जागरण व झांकी आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष रचना सिंह रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्रिगेडियर प्रेम जीत सिंह व नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि विरेन्द्र सिंह बंटी रहें। आयोजक माली आचार्य जी ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया। मन्दिर में वर्ष 2005 में दुर्गा जी की प्रतिमा स्थापित कि गयी थीं। शुक्रवार को देर शाम 18वें वार्षिकोत्सव पर भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रचना सिंह ने कहा कि देश में शक्ति पूजा का विधान है। यह हमें धार्मिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक रुप से एकजुट करने की प्रेरणा देता है। ऐसे आयोजन से जहां धर्म की जय होती है वहीं सामाजिक रूप से लोग एक दूसरे से जुड़ाव भी महसूस करते हैं। अध्यक्ष ने आयोजकों को साधुवाद दें प्रोत्साहित किया। संचालन रमेश चन्द्र जायसवाल ने किया। आयोजक रविन्द्र प्रसाद माली ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रमुख रुप में बलदाऊ सेठ, सभासद अब्दुल्लाह राईन, भगौती प्रसाद गुप्ता, दिनेश मोदनवाल, महेश लालवानी, रवि सोनी, कमल नयन जायसवाल, सागर सोनी आदि मौजूद रहे।

### प्राईवेट अस्पताल के डॉक्टर पर नर्स के साथ यौन शोषण और मारपीट का आरोप

प्रखर गोरखपुर। खजनी थाना क्षेत्र के कस्बे में स्थित ग्रामसभा खुटभार में आने वाले एक प्राइवेट अस्पताल (श्याम हॉस्पिटल) के संचालक पर एक युवती ने छेड़छाड़ और जबरन दुष्कर्म के गंभीर आरोप लगाए हैं। अवैद्य रूप से संचालित उक्त अस्पताल में लंबे समय से एक नर्स के तौर पर काम करने वाली युवती ने अस्पताल के संचालक डॉक्टर पर अपने साथ जबरन दुष्कर्म करने धमकी देने और उसे मारपीट कर अस्पताल पर अपने साथ रहने के लिए दबाव बनाए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### यजा इवेंट्स द्वारा काशी मेला का आयोजन 29 अक्टूबर से



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मलदहिया स्थित होटल एचएचआई में यजा इवेंट्स द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया मीडिया कों संबोधित करते हुए कार्यक्रम संयोजिका डॉक्टर यमुना सिंह (होम ट्यूशन ब्यूरो )व पूजा चौधरी (बिहारी जी बुटीक ) एवं अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से बताया कि यजा इवेंट्स द्वारा 29 अक्टूबर रविवार को मलदहिया स्थित होटल एचएचआई में संस्था द्वारा काशी मेले का आयोजन किया जा रहा है उन्होंने आगे बताया कि इस मेले का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण व स्वावलंबन को बढ़ावा देना साथ ही दिव्यांग ,मलिन बस्ती के बच्चों व रेस्क्यू किए बच्चों के रोजगार हेतु सहायतार्थ है` इस मेले का मुख्य आकर्षण , वंदनवार, दिया ,जूट बैग, करवाचौथ व दिवाली से रिलेटेड सभी आइटम , चटपटे व्यंजन, इत्यादि के स्टॉल है इसकी सहयोगी संस्था होम ट्यूशन ब्यूरो व बिहारी जी बुटीक है काशी की जनता से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में आके इस मेले का लुफ़्त उठायें।

### कोतवाली खलीलाबाद पर हुई कार्रवाई, रविंदर सिंह से छीनी थानेदारी, बृजेन्द्र पटेल बने खलीलाबाद के कोतवाली

प्रखर संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद के अन्तर्गत हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज परिसर में 23 अक्टूबर को डांडिया गरबा रात्रि कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें कार्यक्रम स्थल पर कुछ अराजक तत्वों द्वारा प्रवेश कर कार्यक्रम स्थल पर अराजकता फैलाने की कोशिश की गई । जिससे वहा पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। मौके पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद द्वारा कार्यक्रम स्थल पर उपद्रव कर रहे कुछ व्यक्तियों को हिरासत में लेकर थाना कोतवाली खलीलाबाद लाया गया और कुछ समय बाद उन्हें थाने से छोड़ भी दिया गया। इस तथ्य को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद द्वारा किसी उच्चाधिकारी को अवगत नही कराया गया, ना ही इसके सम्बन्ध मे कोई लिखा पढी की गई । साथ ही उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए आदेशों निदेर्शों के अवहेलना की गई जिसके लिए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद रविंद्र कुमार सिंह को आज तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। खलीलाबाद कोतवाली का प्रभार पुलिस अधीक्षक ने बृजेन्द्र पटेल के हाथ मे सौंपा है।


### विशेष भृगुवंशी, अर्जुन सिंह तथा अभिषेक राय ने नेशनल गेम्स गोवा में कांस्य पदक अर्जित किया



प्रखर वाराणसी। भारतीय बास्केटबॉल टीम के कप्तान तथा अर्जुन पुरस्कार विजेता विशेष भृगुवंशी, अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी अर्जुन सिंह तथा अंतराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी अभिषेक राय दिल्ली की तरफ से खेलते हुए नेशनल गेम्स गोवा में कांस्य पदक अर्जित किया। कल हुए सेमीफाइनल में तमिलनाडु के साथ हारने के पश्चात तीसरे स्थान के लिए सर्विसेज के साथ हुए मुकाबले में दिल्ली ने सर्विसेज को 93/56 के एकतरफा स्कोर से पराजित कर कांस्य पदक प्राप्त किया।वाराणसी के निवासी तीनों ही खिलाड़ी उदय प्रताप कॉलेज के बास्केटबॉल कोर्ट के प्रशिक्षु रहे है। तीनों ही खिलाड़ी वर्तमान में ओएनजीसी में कार्यरत है। यह सूचना जिला बास्केटबॉल संघ वाराणसी के सचिव डॉ अशोक कुमार सिंह ने दी है।

# रवि किशन
## ने अयोध्या के श्रीराम गाने की शूटिंग पूरी की

**मुंबई (वार्ता)।** भोजपुरी सिनेमा के मेगास्टार और सांसद रवि किशन ने अयोध्या के श्रीराम गाना की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म निर्माता निरंजन कुमार सिन्हा के श्री मोंक्स एंटरटेनमेंट के बैनर



**गोरखपुर के राजघाट में इस वीडियो सॉन्ग का किया गया फिल्मांकन**

तले शूट हुए वीडियो सॉन्ग अयोध्या के श्रीराम की शूटिंग कर रवि किशन काफी प्रसन्न दिखे। गोरखपुर के राजघाट में इस वीडियो सॉन्ग का बड़े स्तर पर फिल्मांकन किया गया, जिसमें नृत्य निर्देशक रिक्की गुप्ता के निर्देशन में रवि किशन के साथ 500 से अधिक बैकग्राउंड डांसर ने प्रस्तुति दी।

## विकास कुमार ने राम माधवानी के निर्देशन की तारीफ की

**मुंबई (आईएएनएस)।** क्राइम थ्रिलर ड्रामा 'आर्या' सीजन 3 में एसीपी खान की भूमिका निभाने वाले अभिनेता विकास कुमार ने कहा कि शो के निर्माता और सह-निर्देशक राम माधवानी की एक अलग तरह की शैली है, और मैं उनके निर्देशन के



तरीके का आनंद ले रहा हूं। इसके बारे में विस्तार से बताते हुए विकास ने कहा, मैं राम माधवानी के निर्देशन के तरीके का आनंद लेता हूं। इसमें लंबा समय लगता है, यह लगभग थिएटर जैसा है। एक भावना से दूसरी भावना में परिवर्तन करना आसान है, क्योंकि इसमें कोई शॉर्टकट या अलग-अलग शॉट नहीं हैं। उन्होंने साझा किया, हम एक पूरा सीक्वेंस करते हैं जो कुछ लोगों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है लेकिन मैं इसका आनंद लेता हूं।

# कद्दू का कचरा
## हैलोवीन लालटेन नहीं और बहुत कुछ

**ब्रैडफोर्ड (यूके) (द कन्वरसेशन)।** इस हैलोवीन, अकेले यूके में लगभग 18,000 टन कद्दू बर्बाद हो जाएंगे। ऐसा इसलिए है, क्योंकि हर साल खरीदे गए तीन करोड़ कद्दुओं में से लगभग आधे को खाया नहीं जाता है। यह दो करोड़ 70 लाख पाउंड मूल्य का खाद्य भोजन है। एक बार जब हम अमेरिका और अन्य देशों में कचरे को जोड़ देंगे तो वैश्विक लागत कहीं अधिक होगी क्योंकि इन देशों में भी कद्दू पर नक्काशी एक हैलोवीन परंपरा है। कद्दू खरीदने पर खर्च किया गया पैसा वास्तविक लागत का केवल एक अंश है। जब एक कद्दू बर्बाद हो जाता है, तो उसे उगाने और वितरित करने में इस्तेमाल किया गया पानी, ऊर्जा और श्रम भी बर्बाद हो जाता है। प्रत्येक किलो उत्पादन के लिए, लगभग 260 ग्राम कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर ग्रीनहाउस गैसें उत्सर्जित होती हैं। फिर जब एक कद्दू लैंडफिल में विघटित होता है तो यह मीथेन उत्सर्जित करता है, जो कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में अधिक शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस है।कद्दू उगाने के लिए भी भरपूर पानी की आवश्यकता होती है। जब कद्दू के बचे हुए हिस्से को फेंक दिया जाता है, तो उनके उत्पादन में उपयोग किया जाने वाला ताज़ा पानी भी बर्बाद हो जाता है।जहां अमीर देशों में भी परिवार खाद्य बैंकों की ओर रुख करते हैं, पूरी तरह से खाने योग्य कद्दू को बर्बाद करना अनैतिक है। इन सबके बावजूद, हम अभी भी इस हैलोवीन में बदलाव ला सकते हैं। सर्कुलर खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं में एक अकादमिक विशेषज्ञ के रूप में, मुझे पता है कि बर्बाद भोजन से बचना कितना महत्वपूर्ण है,बचे हुए कद्दू का उपयोग करके कद्दू के कचरे के इन नकारात्मक प्रभावों को खत्म कर सकते हैं।



### केक, ब्रेड, सूप और कॉफ़ी

3,000 ब्रितानियों पर किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, केवल 425 लोग जानते थे कि कद्दू के अंदर का भाग खाने योग्य होता है। खाना पकाने और पेय पदार्थों में बचे हुए भोजन का पुनःउपयोग करना, बचे हुए भोजन का उपयोग करने के सबसे सरल तरीकों में से एक हो सकता है। इंटरनेट पर कपकेक, ब्रेड, प्यूरी या सूप की अनेक रेसिपी मौजूद हैं। स्वादिष्ट कॉफी और मॉकटेल रेसिपी हैं, या आप अपनी पसंदीदा सामग्री के साथ कद्दू कॉकटेल बनाने के लिए अपनी रचनात्मकता का उपयोग कर सकते हैं। हालाँकि, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि बचे हुए कद्दू को फ्रिज में संग्रहित किया जाना चाहिए और यह कुछ दिनों तक चलेगा।





### मास्क, स्क्रब और साबुन


हर कोई भोजन में बचे हुए कद्दू का उपयोग करने में सहज महसूस नहीं करता है, और सौभाग्य से, बचे हुए कद्दू का उपयोग अन्य उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है, जैसे कि घर पर खुद करके देखें जैसे प्रोजेक्ट में। कद्दू में आयरन, पोटेशियम और तांबे के साथ-साथ विटामिन ए, बी2, सी और ई की मात्रा अधिक होती है, जो इसे एक उत्कृष्ट सौंदर्य सामग्री बनाता है।आप बचे हुए कद्दू का उपयोग फेस मास्क, बॉडी स्क्रब और साबुन के लिए स्वयं करें प्रोजेक्ट के रूप में कर सकते हैं।

### कुछ पौधों में डालें या जानवरों को खिलाएँ

यदि आप बचे हुए और नक्काशीदार कद्दूओं से परेशान नहीं होना चाहते हैं, तो आप उन्हें हमेशा दान कर सकते हैं - चिड़ियाघर, खेत और सामुदायिक उद्यान अक्सर कद्दू दान का स्वागत करते हैं। वे इसे खाद सामग्री या जानवरों के भोजन के रूप में उपयोग कर सकते हैं।इस मामले में, पर्यावरण समर्थक व्यवहार बचे हुए और नक्काशीदार कद्दू का उपयोग करना होगा। आप उपर्युक्त व्यावहारिक तरीकों में से एक अपना सकते हैं और परिणाम सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सकते हैं।

# वहीदा रहमान
## को पहले ही मिल जाना चाहिए था दादा साहब फाल्के पुरस्कार : अमिताभ

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** बॉलीवुड मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने एक्ट्रेस वहीदा रहमान की प्रशंसा की है और कहा है कि उन्हें बहुत पहले ही दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाना चाहिए था। 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में वहीदा को भारतीय सिनेमा में उनके अतुलनीय योगदान के लिए दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 'गाइड', 'प्यासा', 'साहब बीबी और गुलाम', 'दिल्ली-6', 'कागज के फूल' और कई अन्य फिल्मों के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस ने सेल्युलाइड पर अनगिनत यादगार किरदार निभाए हैं और उनका करियर लगभग सात दशकों तक फैला है। नॉलेज-बेस्ड रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' के एपिसोड 54 में, होस्ट अमिताभ बच्चन ने चल रहे फैमिली स्पेशल वीक में



रोलओवर कंटेस्टेंट्स 'द बोल बच्चन' का हॉट सीट पर स्वागत किया। 80,000 रुपये के लिए उनसे सवाल पूछा गया, 'प्यासा' और 'गाइड' जैसी फिल्मों की किस दिग्गज अभिनेत्री को 2023 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया? दिए गए ऑप्शन थे- एः शर्मिला टैगोर, बीः वहीदा रहमान, सीः जीनत अमान और डीः सायरा बानो। सही जवाब वहीदा रहमान था। उसी के बारे में बात करते हुए, अमिताभ ने कहाः वहीदा रहमान को देव आनंद की बर्थ एनिवरसरी के मौके पर दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें यह पुरस्कार उनके 100वें जन्मदिन पर मिला। यह एक संयोग था। 'शोले' फेम एक्टर ने आगे कहा, वो एक कमाल की एक्टर हैं और उन्हें ये अवॉर्ड और पहले ही मिलना चाहिए था।



# मिशेल ली ने कहा
## फिल्म का टॉवल सीक्वेंस चुनौतीपूर्ण था

**मुंबई (आईएएनएस)।** फाइट सीक्वेंस में हॉलीवुड अभिनेत्री मिशेल ली सलमान खान की आगामी 'टाइगर 3' में अभिनेत्री कैटरीना कैफ के साथ एक्शन करती नजर आएंगी। ली ने 'ब्लैक विडो' में स्कारलेट जोहानसन, 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन' में जॉनी डेप, 'बुलेट ट्रेन' में ब्रैड पिट और 'वेनोम' में टॉम हार्डी के साथ अभिनय किया है। ली ने खुलासा किया कि कैटरीना और उन्होंने हमाम में सीन शूट करने से पहले दो सप्ताह से अधिक अभ्यास किया था। उन्होंने कहा, जब हम इसकी शूटिंग कर रहे थे तो मुझे लगा कि सीन बहुत भव्य होगा। हमने कुछ हफ्तों तक फाइट सीखी और अभ्यास किया और फिर इसे शूट किया। सेट डिजाइन बिल्कुल भव्य था और फाइट वास्तव में मजेदार थी। यह एक अंतर्राष्ट्रीय फिल्म पर होना अद्भुत था। ली ने अभिनेत्री कैटरीना की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि एक्शन दृश्यों को बेहतर बनाने के प्रति उनके समर्पण ने उन्हें प्रभावित किया है। उन्होंने कहा, कैटरीना शालीन और पेशेवर थीं। उन्होंने इसे सटीक बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। यह स्पष्ट था कि उन्हें कोरियोग्राफी का अनुभव था इसलिए उनके साथ काम करना बेहद आसान था। हमने खूब पसीना बहाया। ली ने कहा कि अपने शरीर पर लपेटे हुए टॉवल को संभालना सीक्वेंस की सबसे बड़ी चुनौती थी। अभिनेत्री ने कहाः फाइट सीन के दौरान शरीर पर टॉवल टिके रहना सबसे बड़ी चुनौती थी। कुछ मूव्स में टॉवल को सिल दिया गया, जिससे मदद मिली। उन्होंने आगे कहा, एक और चुनौती सही दूरी पर एक-दूसरे पर हमला करने की थी ताकि यह खतरनाक और मजबूत होने के लिए काफी करीब दिखे लेकिन इतना दूर कि वास्तव में एक-दूसरे को चोट न पहुंचे। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की 'टाइगर 3' इस दिवाली, 12 नवंबर, रविवार को हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# भारतीय मूल की किशोरी
## ने अमेरिका के यंग साइंटिस्ट चैलेंज में हासिल किया दूसरा स्थान

**न्यूयॉर्क (आईएएनएस)।** भारतीय-अमेरिकी किशोरी श्रीप्रिया कालभावी ने वार्षिक 2023 3एम यंग साइंटिस्ट चैलेंज में दूसरा स्थान हासिल किया है, जो अमेरिका में मिडिल स्कूल के छात्रों के लिए एक प्रमुख विज्ञान प्रतियोगिता है। कैलिफ़ोर्निया के लिनब्रुक हाई स्कूल में नौवीं कक्षा की छात्रा कलभवी को गोलियों या सुइयों के बिना स्व-स्वचालित दवा वितरण के लिए माइक्रोनीडल पैच के विकास के लिए 2,000 डॉलर का पुरस्कार मिला। अमेरिका के शीर्ष युवा



वैज्ञानिक की प्रतिष्ठित उपाधि के साथ 25,000 डॉलर का पहला पुरस्कार वर्जीनिया के हेमन बेकेले को उनके यौगिक-आधारित त्वचा कैंसर उपचार साबुन के लिए दिया गया। कलभावी ने 3एम यंग साइंटिस्ट चैलेंज वेबसाइट पर एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लिया, क्योंकि वह जीवन बदलने में मदद करना चाहती हैं। वह फेमस पर्सनैलिटीज नामक एक पॉडकास्ट भी होस्ट करती हैं और अपने शो की थीम के हिस्से के रूप में, वह महिला वैज्ञानिकों पर शोध करती हैं और उनके जीवन, उपलब्धियों और शोध के बारे में बात करती हैं।

न्यूरोसर्जन बनने की चाहत रखने वाली कालभवी ने कहा, वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचारों में हमेशा मेरी रुचि रही है और मैं अपने आसपास के वैज्ञानिकों, विशेषकर डॉक्टरों को बेहद प्रेरणादायक पाती हूं, क्योंकि वे हर दिन लोगों की मदद करने के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा, मैं अपने आविष्कार, बीजेड रिएक्शन-ऑटोमेटेड माइक्रोनीडल पैच के साथ लोगों की दवा को दर्द रहित और अधिक किफायती बनाकर उनके जीवन को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए एक गुरु से अनुभव और सलाह प्राप्त करना चाहती हूं।

# रणवीर ने बताया
## दीपिका को कैसे किया प्रपोज

**मुंबई (आईएएनएस)।** दीपिका पादुकोण के साथ 'कॉफी विद करण' सीजन 8 में गए बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह ने मालदीव में दीपिका को प्रपोज करने के बारे में खुलकर बताया। बॉलीवुड के पावर कपल दीपिका और रणवीर ने फिल्म निर्माता करण जौहर द्वारा आयोजित 'कॉफी विद करण' में अपनी मनमोहक उपस्थिति से एक बार फिर अपने प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। शो में इस जोड़े की हालिया मुलाकात ने उनके प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया है, क्योंकि उन्होंने दीपिका और रणवीर के बीच वास्तविक और प्यारे संबंध को देखा है।



अपने परफेक्ट प्रपोजल के बारे में बात करते हुए रणवीर ने कहा, दीपिका और मैं छुट्टियां मनाने मालदीव जा रहे थे। मैंने तय किया कि मैं दीपिका को वहीं प्रपोज करूंगा। मैं दीपिका को प्रपोज करने के लिए अंगूठी ले गया। रणवीर ने आगे खुलासा किया, मैंने इस प्रपोजल सीन को इतना परफेक्ट बनाने की कोशिश की, कि वह न नहीं कह पाएगी। मैंने दीपिका को अंगूठी दी, वह भावुक हो गई, उन्होंने 'हां' कहा। मुझे ऐसा लगा कि जैसे मैं दुनिया का राजा हूं और हमारी सगाई हो गई है।



## हार्डी संधू ने अपने पहले 'टूर' की घोषणा की

**मुंबई (भाषा)। मशहूर गायक-अभिनेता हार्डी संधू ने पूरे भारत का अपना पहला 'टूर' करने की शुक्रवार को घोषणा की। 'इन माय फीलिंग्स' नामक इस टूर की शुरुआत दिल्ली से होगी। यह संगीत यात्रा 18 नवम्बर को शुरू होगी तथा दिसम्बर में संपन्न होगी। दिल्ली, इंदौर, मुंबई, कोलकाता, जयपुर, पुणे तथा भुवनेश्वर जैसे शहरों से उनकी प्रस्तुति होगी। 'बिजली बिजली', 'क्या बात है', 'हॉर्न ब्लो' और 'सोच' जैसे गीतों के लिए पहचाने जाने वाले संधू ने कहा कि वह इस यात्रा को लेकर रोमांचित हैं और अपने प्रशंसकों से मिलने के लिए उत्साहित हैं। गायक-अभिनेता ने एक बयान में कहा, 'मैं पूरे भारत का अपना पहला टूर शुरू करने को लेकर उत्साहित हूं।**



# नेहा पेंडसे
## ने श्रीदेवी की 'बेदाग कॉमिक टाइमिंग' की तारीफ की

मुंबई (आईएएनएस)। शो 'मे आई कम इन मैडम' में भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री नेहा पेंडसे ने दिवंगत दिग्गज अभिनेत्री श्रीदेवी की जमकर तारीफ की। अभिनेत्री ने कॉमेडी शैली पर भी खुलकर बात की। अपनी कॉमेडी प्राथमिकताओं के बारे में बात करते हुए नेहा ने कहा, मुझे सिचुएशनल और नेचुरल कॉमेडी पसंद है। मुझे फूहड़ या अत्यधिक शारीरिक कॉमेडी पसंद नहीं है। मैं ऐसी कॉमेडी को प्राथमिकता देती हूं जो स्थिति से स्वाभाविक रूप से उभरती है। उन्होंने बताया कि सिटकॉम के प्रति उनका विशेष झुकाव है क्योंकि वे रोजमर्रा की स्थितियों से हास्य लाते हैं और दर्शकों से जुड़ते हैं। नेहा ने कहा, इसके अलावा इंडस्ट्री में महिला कॉमेडी कलाकारों के प्रतिनिधित्व की कमी है, जबकि महिला स्टैंड-अप कॉमेडियन की संख्या बढ़ रही है। ईमानदारी से कहूं तो, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे पास कॉमेडी शैली में अभिनय करने वाली बहुत कम अभिनेत्रियां हैं। दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी को याद करते हुए नेहा ने कहा, श्रीदेवी आज भी हमारे दिलों में जीवित हैं। श्रीदेवी की कॉमिक टाइमिंग बेदाग थी और उनका आकर्षण दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने में कभी असफल नहीं हुआ।

## दांत की स्वच्छता सेहत के लिए बहुत जरूरी है- डाक्टर आशीष प्रताप मल्ल



प्रखर सहजनवां गोरखपुर।दांत की गंदगी बहुत सारी बीमारियों को जन्म देती है। स्वच्छता से जहां दांत मजबूत होते हैं वहीं मुख के अंदर बीमारियों का खतरा नहीं रहता है। उक्त बातें डाक्टर आशीष प्रताप मल्ल ने कही। वह रविवार को पंडित जवाहर लाल नेहरू इंटर कालेज तिलौरा में पायरिया मुक्त अभियान कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि छात्रों में अक्सर बुरी लत जल्दी अपना घर बना लेती है। वह तंबाकू, पान मसाला सिगरेट, बीड़ी, गुल दंत मंजन,शराब, गुटका, गांजा जैसी नशा युक्त पदार्थ के शिकार बन जाते हैं। किसी प्रकार की नशा से हमें बचना होगा तभी सेहत ठीक रह सकता है। डाक्टर मल्ल द्वारा तंबाकू से मुख में होने वाली बहुत सी बीमारियों के बारे में बताया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार ने कहा कि मनुष्य के जीवन में दांत दो बार आते हैं। दूध का दांत तो कुछ महीनों के लिए होता है । परंतु उसके बाद आने वाले दांत जीवन पर्यन्त रहते हैं। छोटे बच्चों को अक्सर ब्रश की अपेक्षा दातुन बेहतर होता है। टूथपेस्ट को यदि उंगलियों के माध्यम से दांत पर घिसने से फायदा होता है । वयस्क व्यक्ति को अक्सर एक ही ब्रश को कई-कई महीने उपयोग नहीं करना चाहिए। इसकी अपेक्षा उंगली से करना दांत के लिए लाभप्रद होता है । वरना एक ब्रश के उपयोग से घाव बन जाते हैं। उक्त अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सुनील धर दुबे, राजपूत, रवीन्द्र यादव, विजेन्द्र मिश्रा, बरसा, अजीत धर दूबे, संदीप कुमार, गगन सिंह राजपूत, पंकज ठाकुर समेत कई लोग मौजूद थे।

## कविता अवस्थी बनी पिपरौली ब्लॉक की बीडीओ



प्रखर सहजनवा,गोरखपुर। शनिवार को पिपरौली ब्लॉक की नई बीडीओ कविता अवस्थी ने कार्यभार ग्रहण किया।उन्होंने ब्लॉक के सचिवों के साथ गावों में कराए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की।सभी सचिवों को निर्देश दिया कि सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता के साथ लागू की जाएं।गावों में चल रहे विकास कार्यों को समय से पूरा कराएं।ग्रामीणों की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जानकारी के लिए चौपाल में जानकारी दी जाए,साथ ही रोस्टर के अनुसार सचिव ग्राम सचिवालयों में ग्रामीणों के समस्याओं का समाधान करें। इस दौरान एडीओ संजय दूबे, देवब्रत सिंह,सचिव अजय जैसवाल, अजीत पासवान,प्रतिमा सिंह, समीर यादव सहित अन्य ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे।

## डॉ. रेड्डीज को 1482 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज लिमिटेड (डीआरएल) का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 33.02 प्रतिशत बढकर 1,482.2 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में शुद्ध मुनाफा 1,114.2 करोड़ रुपये रहा था। डीआरएल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि परिचालन आय नौ प्रतिशत बढ़कर 6,902.6 करोड़ रुपये रही, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 6,331.8 करोड़ रुपये थी। दूसरी तिमाही में डीआरएल का कुल खर्च 11.14 प्रतिशत बढ़कर 5,305.1 करोड़ रुपये रहा। कुल आय 13.25 प्रतिशत बढ़कर 7,217.6 करोड़ रुपये रही। कंपनी के को-चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक जी वी प्रसाद ने कहा, '' अभी तक की सबसे अधिक बिक्री और मुनाफे के साथ एक और तिमाही में हमारा प्रदर्शन मजबूत रहा।

*(एजेंसियां)*

# सेंसेक्स 634 अंक उछला



**मुंबई (भाषा)।** एशियाई बाजारों में सुधार के बीच घरेलू शेयर बाजारों ने शुक्रवार को कारोबार में लगभग एक प्रतिशत बढत दर्ज की। गौरतलब है कि इससे पहले छह कारोबारी सत्रों में बाजार लाल निशान में बंद हुआ था। विश्लेषकों के अनुसार, कंपनियों के उम्मीद से बेहतर तिमाही नतीजों ने भी निवेशकों की भावनाओं को बढावा दिया, जबकि पश्चिम एशिया में बढते तनाव को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स कारोबार में 634.65 अंक यानी 1.01 प्रतिशत उछलकर 63,782.80 पर बंद हुआ। दिन में इसने 63,913.13 और 63,393.37 के बीच कारोबार किया। निफ्टी 202.45 अंक यानी 1.07 प्रतिशत चढ़कर 19,059.70 पर बंद हुआ।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''मुद्रा में नरमी और वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल की अस्थिरता के साथ एफआईआई की संयमित बिकवाली के कारण घरेलू बाजार में कल की तेज गिरावट की तुलना में अच्छा सुधार हुआ।'' उन्होंने कहा, ''दूसरी तिमाही के नतीजे अच्छे रहे हैं, जो उत्साहजनक अनुमान के अनुरूप है। फिर भी, ऊंची ब्याज दरों और भू-राजनीतिक जोखिम के कारण विश्व अर्थव्यवस्था में और मंदी की आशंका के कारण बाजार उत्साहित नहीं है।''

एक्सिस बैंक के शेयर सर्वाधिक 3.07 प्रतिशत बढ़े, जिसके बाद एचसीएल टेक, एसबीआई, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, नेस्ले इंडिया और इन्फोसिस के शेयर लाभ में रहे। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भारी खरीदारी देखी गई और यह 1.75 प्रतिशत बढ़कर 2,265.25 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी बाजार बंद होने के बाद अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेगी। वहीं दूसरी तरफ, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और आईटीसी के शेयरों में गिरावट देखी गई। सभी क्षेत्रों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए।

## रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.25 पर स्थिर

**मुंबई (भाषा)।** रुपये में तीन दिन से जारी गिरावट आखिरकार शुक्रवार को थम गई और रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.25 (अस्थायी) पर स्थिर रहा। कच्चे तेल की कीमतों में बढोतरी ने सकारात्मक घरेलू बाजारों का समर्थन सीमित कर दिया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी निवेशकों के बिकवाल रहने से भारतीय मुद्रा सीमित दायरे में ही मजबूत हुई।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 83.24 पर खुला। दिन में इसने 83.22 से 83.25 प्रति डॉलर के बीच कारोबार किया और फिर बृहस्पतिवार के बंद स्तर 83.25 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर स्थिर रहा। बृहस्पतिवार को को रुपया आठ पैसे की गिरावट के साथ 83.25 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशनि वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 106.54 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 2.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 90.03 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 7,702.53 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# फोटो प्रदर्शनी एवं देश भक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य हेतु कर्मचारी व कलाकार सम्मानित



प्रखर वाराणसी। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत बनारस रेल इंजन कारखाना स्थित सूर्य सरोवर परिसर में दिनांक 12 से 14 अगस्त 2023 तक आयोजित फोटो प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में विशेष रूप से सहयोग करने वाले जन सम्पर्क, सिविल एवं अन्य विभाग के कर्मचारियों के साथ ही उत्कृष्ट देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले उदीयमान कलाकारों को वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री विजय ने बरेका प्रशासन भवन के कीर्ति कक्ष में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, जिससे कर्मचारी एवं कलाकार की हौसला अफजाई हुई । सम्मानित हुए बच्चे व महिला कलाकारों का उत्साह देखते ही बनता था। श्री विजय ने अपने सम्बोधन में जहां कलाकारों की हौसला अफजाई की वहीं देश के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने के लिए उन्हे प्रेरित किया। आजादी के लिए किए गए संघर्षों में अपना योगदान देने वाले राष्ट्र नायकों को याद करते हुए बच्चों को उनके विषय में विस्तारपूर्वक बताया। उल्लेखनीय है कि भारतीय स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 75 साल की गौरवशाली इतिहास को मनाने के लिए फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से बरेका अपने स्थापना काल से लेकर अब तक की गौरवपूर्ण विकास गाथा को छायाचित्रों के माध्यम से दिखाया था। इसके अतिरिक्त देशभक्ती एवं आजादी पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन भी प्रस्तुत किया गया था, जिसे दर्शकों द्वारा काफी सराहा गया था। कार्यक्रम में विशेष रूप से शिवाँशी फिट्नेस जोन की निर्देशिका श्रीमती बिन्दु सिंह, श्री एस. के. सिंह, श्रीमती रानी, श्री विनोद कुमार उपस्थिति रही। इस अवसर पर जन सम्पर्क अधिकारी श्री राजेश कुमार ने सम्मानित हुए सभी कलाकारों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही फोटो प्रदर्शनी के सफलतापूर्वक आयोजन में अपना सहयोग देने वाले जन सम्पर्क विभाग के कर्मचारी एवं कलाकार उपस्थित रहे।

### सातवें इंडिया मोबाइल कांग्रेस में बोले केन्द्रीय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव

# 6 जी में लीड करेगा भारत

**नई दिल्ली (एजेंसियां)।**

केन्द्रीय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा कि भारत दुनिया का सबसे तेजी से 5 जी रोलऑउट करने वाला देश होने के साथ ही 6 जी में लीड करने की दिशा में बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में श्री वैष्णव ने यहां सातवें इंडिया मोबाइल कांग्रेस के शुभारंभ के मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर 6 जी विजन डॉक्यूमेंट लाँच किया गया है और भारत को 6 जी नेतृत्वकर्ता बनाने की दिशा में सभी हितधारक मिलकर काम कर रहे है।

उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल टेलीकॉम यूनियन (आईटीयू) ने 6 जी विजन डॉक्यूमेंट को स्वीकार कर लिया है और इंडिया मोबाइल कांग्रेस तथा आईटीयू मिलकर इसको लेकर राजधानी में एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी कर रहा है जिसमें दुनिया भर के प्रतिनिधि भाग लेने वाले है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में उपयोग हो रहे मोबाइल फोन में से 98 प्रतिशत आयातित होता था लेकिन अब 98




प्रतिशत देश में निर्मित है। पिछले वर्ष में 90 हजार करोड़ रुपये के मोबाइल फोन निर्यात किये गये है।

उन्होंने कहा कि भारत में सबसे तेजी से 5 जी रालऑउट किया गया है। वर्ष 2014 से पहले टेलीकॉम टावर लगाने में औसतन 230 दिन लगते थे लेकिन अभी मात्र सात दिन में एक टावर लग रहा है।

उन्होंने कहा कि देश में इंटरनेट की स्पीड का अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि चंद्रयान 3 की लैंडिंग को 80 लाख लोगों ने लाइव देखा था और अभी चल रहे क्रिकेट विश्व कप में भारत न्यूजीलैंड मैच को चार करोड़ लोगों ने मोबाइल फोन पर देखा है।

## *अगले महीने शुरू होगी एयरटेल की उपग्रह आधारित संचार सेवायें : मित्तल*

***नई दिल्ली (वार्ता)।*** *दूरसंचार सेवायें देने वाली प्रमुख कंपनी भारती एयरटेल ने अगले महीने देश के दूरस्थ क्षेत्रों में उपग्रह आधारित संचार सेवायें शुरू करने की आज घोषणा की। कंपनी के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल ने आज यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव की मौजूदगी में सातवें इंडिया मोबाइल कांग्रेस के शुभारंभ के मौके पर यह घोषणा करते हुये कहा कि वनवेब सेटलाइट क्युनिकेशंस सेवा अगले महीने से देश में शुरू होने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से वैश्विक स्तर पर भी सेवायें दी जा सकेंगी। श्री मित्तल ने कहा कि पिछले वर्ष देश में 5 जी सेवा की शुरुआत की गयी थी और एयरटेल देश में पांच हजार शहरों और 20 हजार गांवों में यह सेवा अब तक शुरू कर चुकी है। मार्च 2024 तक पूरे देश में कंपनी की यह सेवा उपलब्ध होगी।*

# आईटीएम कॉलेज गीडा में खादी महोत्सव का हुआ आयोजन

प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा, गोरखपुर मे सूक्ष्म, लघु और मध्यम मंत्रालय के खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के द्वारा खादी महोत्सव माह के अंतर्गत एक जागरूकता और खादी से जुड़े विषयों पर एक वाद - विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया` कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोरखपुर परिक्षेत्र के सहायक निदेशक एवं कार्यक्रम समन्वयक संजीव राणा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि खादी एक वस्तु नही विचार हैं` इसका मूल उद्देश्य है देश के दूर-दराज गांव के लोगों को रोजगार मुहैया कराना, इससे हम स्वयं सेवी संस्थाओं की मदद से लोगों को रोजगार से जोड़ते हैं विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों को तकनीकी प्रशिक्षण, वित्तीय सुविधा, विपणन सुविधा उपलब्ध कराते हैं इस वित्तीय वर्ष में कुम्हारी सशक्तिकरण, हनी मिशन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत मत्स्य पालन, पोल्ट्री फार्म जैसी योजनाएं भी चलाई जा रही हैं. जिससे जुड़कर लोग आत्मनिर्भर और स्वरोजगार की ओर उन्मुख हो रहे हैं आज के वर्तमान समय मे बढ़ते हुए तकनीकी का प्रयोग करके केवीआईसी के सहयोग से अपना स्टार्टअप शुरू करके उद्यमी बन सकते हैं और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने मे महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं` संस्थान के निदेशक डॉ0 एन.के.सिंह ने कहा कि जब हम खादी ग्राम उद्योग से कोई सामान खरीदते हैं उसका सीधा लाभ किसान भाइयों को मिलता है। खादी के प्रति युवाओं का झुकाव दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है, यह एक अच्छा संदेश है। हम जितना ज्यादा से ज्यादा घरेलू उत्पादों का उपयोग करेंगे हमारे देश के किसान भाई आत्मनिर्भर बनेंगे और साथ ही उन्होंने मुख्य वक्ता के प्रति आभार भी प्रकट किया`कार्यक्रम के अंत मे केवीआईसी के द्वारा खादी के प्रयोग और उसको बढ़ावा देने के लिए संस्थान मे उपस्थित सभी लोगों को शपथ भी दिलाया गया` इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, संकायाध्यक्ष डॉ आर पी सिंह,डॉ ए आर त्रिपाठी, डॉ मनोज कुमार मिश्रा, प्रदीप कुमार चौधरी, संतोष शर्मा, अभिनव त्रिपाठी, अनुराग श्रीवास्तव सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं छात्र - छात्राएं मौजूद रहे।




# मिलेट्स प्रसंस्करण यूनिट की स्थापना के लिए गाजीपुर को मिला 95 लाख

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। कृषि विज्ञान केन्द्र, पी0जी0 कालेज, गाजीपुर द्वारा उ0प्र0 मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत मिलेट्स प्रसंस्करण पैकिंग सह विपणन केन्द्र की स्थापना हेतु उ0प्र0 शासन में प्रस्ताव भेजा गया था। मुख्य सचिव, कृषि, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में उ0प्र0 मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति की आयोजित बैठक में मिलेट्स प्रसंस्करण इकाई की स्थापना हेतु प्रस्ताव के चयन पर अनुमोदन प्रदान किया गया। मिलेट्स प्रसंस्करण, पैकिंग सह विपणन केन्द्र की स्थापना हेतु चयन पत्र एवं 95 लाख रुपए का डमी चेक का वितरण दिनांक 27 अक्टूबर को आयोजित श्री अन्न महोत्सव, जुपिटर हॉल, इन्दिरा गॉधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनउ के उद्घाटन सत्र के दौरान यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी एवं कृषि मंत्री के द्वारा अजीत कुमार सिंह, अपर महाधिवक्ता उ0प्र0 शासन एवं चेयरमैन कृषि विज्ञान केन्द्र, पी0जी0 कालेज, गाजीपुर की उपस्थिति में केन्द्र के सीनियर साइंटिस्ट एण्ड हेड/प्रभारी डॉ0 विनोद कुमार सिंह को प्रदान किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र, पी0जी0 कालेज, गाजीपुर में मिलेट्स प्रसंस्करण पैकिंग सह विपणन केन्द्र की स्थापना से जनपद के किसानों में खुशी है। यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं कृषि मंत्री द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र, पी0जी0 कालेज, गाजीपुर द्वारा किसानों के हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस दौरान केन्द्र के श्री आशीष कुमार बाजपेयी, आशुतोष सिंह उपस्थित रहे।



## रिजर्व बैंक ने आर्थिक-वित्तीय हालात की समीक्षा की

**मुंबई (भाषा)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल ने भू-राजनीतिक संघर्षों से उत्पन्न चुनौतियों सहित आर्थिक और वित्तीय हालात की शुक्रवार को समीक्षा की। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में निदेशक मंडल की 604वीं बैठक ऋषिकेश में हुई।

केंद्रीय बैंक के निदेशक मंडल ने वैश्विक और घरेलू आर्थिक तथा वित्तीय घटनाक्रम की समीक्षा की, जिसमें उभरते भू-राजनीतिक संघर्षों से उत्पन्न चुनौतियां भी शामिल हैं। बयान में कहा गया, '' केंद्रीय निदेशक मंडल ने विभिन्न उप-समितियों के कामकाज, लोकपाल योजना और चुनिंदा केंद्रीय कार्यालय विभागों की गतिविधियों पर भी चर्चा की।' बैठक में डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा, एम राजेश्वर राव, टी रबी शंकर और स्वामीनाथन जे शामिल हुए। इनके अलावा केंद्रीय निदेशक मंडल के अन्य निदेशक रेवती अय्यर, सचिन चतुर्वेदी, पंकज रमनभाई पटेल और रवींद्र एच ढोलकिया भी बैठक में मौजूद रहे।

# आकाश, ईशा और अनंत रिलायंस के निदेशक मंडल में

### शेयरधारकों ने दी मंजूरी



**नई दिल्ली (भाषा)।** शेयरधारकों ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के निदेशक मंडल में आकाश अंबानी, ईशा अंबानी और अनंत अंबानी को शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस कदम का मकसद भारत की सबसे मूल्यवान कंपनी में उत्तराधिकार योजना को गति प्रदान करना। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि 32 वर्षीय जुड़वां ईशा और आकाश को रिलायंस के बोर्ड में नियुक्त होने के लिए 98 प्रतिशत से अधिक वोट मिले, जबकि 28 वर्षीय अनंत को 92.75 प्रतिशत वोट मिले।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी (66) ने अगस्त में कंपनी की वार्षिक शेयरधारकों की बैठक में घोषणा की थी कि उनके तीन बच्चों आकाश, ईशा और अनंत को रिलायंस के निदेशक मंडल (बीओडी) में शामिल किया जाएगा।

उन्होंने कहा था कि वह ''अगली पीढ़ी'' को तैयार करने और सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए अगले पांच वर्षों तक कंपनी के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बने रहेंगे। इसके बाद रिलायंस ने कंपनी के निदेशक मंडल के रूप में उनकी नियुक्ति के लिए शेयरधारकों को एक डाक मतपत्र भेजा। शेयरधारकों के वोट के परिणाम की घोषणा शुक्रवार को कंपनी ने की। शेयर बाजार को दी जानकारी के अनुसार ईशा की नियुक्ति के पक्ष में 98.21 प्रतिशत और उसके खिलाफ 1.78 प्रतिशत वोट पड़े। आकाश की नियुक्ति के पक्ष में 98.05 प्रतिशत और खिलाफ 1.94 प्रतिशत वोट आए। अनंत के पक्ष में 92.75 प्रतिशत, जबकि 41.58 करोड़ यानी 7.24 प्रतिशत ने उनकी नियुक्ति के खिलाफ मतदान किया। अंतरराष्ट्रीय प्रॉक्सी सलाहकार कंपनी इंस्टीट्यूशनल शेयरहोल्डर सर्विसेज इंक (आईएसएस) ने सिफारिश की थी कि शेयरधारक रिलायंस के निदेशक मंडल में अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत को नियुक्त करने के प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करें। अनंत के कम अनुभव का हवाला देते हुए उन्होंने यह अपील की थी।

आईएसएस की तरह मुंबई स्थित इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर एडवाइजरी सर्विस (आईआईएएस) ने भी कहा था कि, ''28 साल की उम्र में' अनंत की नियुक्ति ''हमारे मतदान दिशानिर्देशों के अनुरूप नहीं है।' आईआईएएस ने ईशा और आकाश की नियुक्ति के प्रस्ताव का समर्थन किया। एक अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रॉक्सी कंपनी ग्लास लुईस ने अनंत की नियुक्ति के पक्ष में मतदान किया।

# डालिम्स सनबीम समूह और हॉस्टल के रोहनियाँ शाखा में चार दिवसीय सी०बी०एस०ई० क्लस्टर-5 वॉलीबॉल बालक वर्ग टूर्नामेंट 2023 का हुआ उद्घाटन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। डालिम्स सनबीम समूह और हॉस्टल के रोहनियाँ शाखा में 28 अक्टूबर शनिवार को चार दिवसीय सी०बी०एस०ई० क्लस्टर-5 वॉलीबॉल बालक वर्ग टूनामेंट 2023 का उद्घाटन हुआ` उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय राष्ट्रीय बॉलीवॉल के कप्तान विनीत कुमार चौधरी एवं सी०बी०एस०ई० पर्यवेक्षक राजकुमार यादव एवं सी०बी०एस०ई० तकनीकी रविंदर पाल सिंह का स्वागत डैलिम्स सनबीम समूह के अध्यक्ष प्रदीप 'बाबा' मधोक निदेशिका पूजा मचोक, अतिरिक्त निदेशक माहिर मधोक, अतिरिक्त निदेशिका अलीशा मधोक वालिया, अतिरिक्त निदेशिका फिजा मधोक एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या गुरमीत कौर पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर किया सर्वप्रथम प्रत्येक टीम के खिलाड़ियों ने पाइप बैंड के साथ मार्च पास्ट का प्रदर्शन कर अतिथियों को सलामी दी तत्पश्चात विद्यालय के हेड व्याय द्वारा सभी प्रशिक्षक, प्रबंधक एवं टीम कैप्टन को मैत्रीपूर्ण एवं ईमानदारी पूर्वक भाग लेने हेतु शपथ दिलाया गया` इस अवसर मुख्य अतिथि विनीत कुमार चौधरी ने मशाल प्रज्ज्वलित कर खेल के शुभारम्भ की घोषणा किया` तदोपरांत मुख्य अतिथि भारतीय राष्ट्रीय बॉलीवॉल टीम के कप्तान विनीत कुमार चौधरी का स्वागत डैलिम्स सनबीम समूह के अध्यक्ष प्रदीप 'बाबा' मधोक निदेशिका पूजा मधोक अतिरिक्त निदेशक माहिर मधोक अतिरिक्त निदेशिका अलीशा मधोक वालिया, अतिरिक्त निदेशिका फिजा मधोक एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या गुरमीत कौर ने मंगलाचरण के साथ संस्थापकद्वय डॉ० अमृतलाल इशरत एवं मैडम दीश इशरत के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया` इसी क्रम में विद्यालय प्रधानाचार्या गुरमीत कौर ने सभी उपस्थित सम्मानित अतिथिगण का स्वागत करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है यहाँ हम सभी लोग सभी खिलाड़ियों के साथ हैं जो अपनी मेहनत, प्रतिबद्धता और सामूहिक रूप से काम करने के माध्यम से विद्यालय का नाम रौशन करेंगे` अध्यक्षीय भाषण में संस्था के अध्यक्ष महोदय ने विभिन्न विद्यालयों से आये हुए प्रशिक्षको, प्रबंधको और प्रतिभागियों को शुभकामना देते हुए कहा कि आज हम सब सी०बी०एस०ई० क्लस्टर-5 वॉलीबॉल बालक वर्ग टूर्नामेंट 2023 आयोजन के इस महत्वपूर्ण अवसर पर उपस्थित हैं` यह टूनामेंट हमारे विद्यालय के लिए एक बड़ा कदम है जो हमारे छात्रों को अद्वितीय और महत्वपूर्ण योगदान देने का मौका प्रदान करता है यहाँ सभी छात्र बॉलीवॉल के माहिर नहीं है बल्कि ये अपने - अपने विद्यालय की गरिमा और गर्व के प्रतीक भी है` टूनामेंट के दौरान हमें अपनी टीम को नहीं सिर्फ विजय प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध करना होगा बल्कि ये एक दूसरे के साथ संघर्ष करके और मैदान पर एक सजीव और उत्साहित खेल के रूप में प्रतियोगिता करेंगे मैं जानता हूँ टीमें अपने संघर्ष एवं समर्पण के साथ उद्देश्य प्राप्त करेंगी और हम सभी लोग इस टूनामेंट को एक यादगार एवं महत्वपूर्ण अवसर के रूप में मनायेंगे` अतः मै चाहता हूँ कि सभी उपस्थित लोग इस खेल को एक उत्सव एवं आत्मसमर्पण के रूप में देखें और टीमों को विद्यालय की गरिमा और गर्व के साथ अगले उच्च स्तर पर जाने के लिए प्रोत्साहित करें` इसी क्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ शनिवार को प्रातः 8:30 बजे से विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रूद्राक्ष बैंड ग्रीटिंग हारमोनी गीत एवं फ्यूजन बीट्स नृत्य की प्रस्तुति ने उपस्थित जन समूह को मंत्र मुग्ध कर दिया` बॉलीवॉल टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय टीम के कप्तान विनीत चौधरी ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज सी०बी०एस०ई० क्लस्टर-5 वॉलीबॉल बालक वर्ग टूनामेंट 2023 के अवसर पर मैं आपको बताना चाहता हूँ कि आप एक अद्वितीय एवं उत्साह भरा सफर पर जा रहें हैं` यह टूनामेंट आपके लिए एक बड़ा मौका है जहाँ आप अपने खेल कौशल और सामर्थ्य का प्रदर्शन कर सकते हैं आपने अपनी मेहनत और प्रतिबद्धता के साथ कई महीनों से तैयारी की है और आज सफलता की ओर एक बड़ा कदम है` संस्था की निदेशिका पूजा मधोक ने अपने उद्बाषण में कहा कि हमारे विद्यालय की बॉलीवॉल प्रतियोगिता में आए हुए बॉलीवॉल टीम के प्रशिक्षक, मैनेजर, कैप्टन एवं खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि बॉलीवॉल टीम के प्रतियोगिता में अग्रणी भूमिका निभाने में मैनेजर एवं प्रशिक्षक ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है उन्होंने खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रशिक्षण के लिए काम किया है और टीम को प्रबल बनाने के लिए सख्त मेहनत की है आज के दिन हम उनकी मेहनत, संघर्ष एवं समर्पण की सराहना करते हैं टीम के सभी खिलाड़ियों को प्रेरित करती हूँ कि वे अपने दर्शकों को आश्चर्यचकित करें और इस टूनामेंट को सफल बनायें।



### वर्ल्ड कप : छह मैच में 10 अंक, अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचे अफ्रीकी

# दक्षिण अफ्रीका की एक विकेट से रोमांचक जीत, पाकिस्तान की लगातार चौथी हार

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी वनडे विश्व कप के मैच में शुक्रवार को पाकिस्तान पर एक विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। पाकिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.4 ओवर में 270 रन पर आउट हो गई। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 47.2 ओवर में 9 विकेट पर 271 रन बना कर जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका के इस जीत से छह मैच में 10 अंक हो गए हैं और वह भारत की जगह अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। पाकिस्तान की यह लगातार चौथी हार है और उसके छह मैच में केवल चार अंक हैं, जिससे उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। दोनों टीम के बीच मार्कराम ने अंतर पैदा किया, क्योंकि पाकिस्तान की तरह दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज भी अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। मार्कराम ने 93 गेंद पर 91 रन बनाए जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल हैं। उनके आउट होने के बाद महाराज ने एक छोर एक संभाले रखा तथा 21 गेंद पर नाबाद सात रन बनाए। उन्होंने मोहम्मद नवाज पर विजयी चौका भी लगाया।



### शम्सी ने झटके चार विकेट

पाकिस्तान की तरफ से सौद शकील (52) और बाबर (50) ने अर्धशतक जमाए। उनके अलावा शादाब खान ने 43 और मोहम्मद रिजवान ने 31 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका के कलाई के स्पिनर तबरेज शम्सी ने 60 रन देकर चार विकेट लिए। तेज गेंदबाज मार्को यानसन (43 रन देकर तीन) और गेराल्ड कोएत्जी (42 रन देकर दो) ने उनका अच्छा साथ दिया।

### शाहीन ने किए तीन शिकार

अफ्रीका से डेविड मिलर 29, मार्को यानसन 20, हेनरिक क्लासन 12, रासी वान डर डसन 21, टेम्बा बावुमा 28, क्विंटन डी कॉक 24 और जेराल्ड कूट्जी 10 रन बनाकर आउट हुए। पाकिस्तान से शाहीन अफरीदी ने 3 विकेट लिए। वहीं मोहम्मद वसीम जूनियर, हारिस रऊफ और उसामा मीर को 2-2 सफलताएं मिलीं। केशव महाराज 21 बॉल पर 7 और तबरेज शम्सी 6 बॉल पर 4 रन बनाकर नॉटआउट रहे।

**वर्ल्ड कप : अंक तालिका**

| टीम | खेले | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| द.अफ्रीका | 6 | 5 | 1 | 10 |
| भारत | 5 | 5 | 0 | 10 |
| न्यूजीलैंड | 5 | 4 | 1 | 8 |
| ऑस्ट्रेलिया | 5 | 3 | 2 | 6 |
| श्रीलंका | 5 | 2 | 3 | 4 |
| पाकिस्तान | 6 | 2 | 4 | 4 |
| अफगानिस्तान | 5 | 2 | 3 | 4 |
| बांग्लादेश | 5 | 1 | 4 | 2 |
| इंग्लैंड | 5 | 1 | 4 | 2 |
| नीदरलैंड्स | 5 | 1 | 4 | 2 |

**शीर्ष स्कोरर**



क्विंटन डिकॉक
431 रन
दक्षिण अफ्रीका

**शीर्ष विकेट टेकर**



एडम जम्पा
13 विकेट
ऑस्ट्रेलिया

**स्कोर बोर्ड**

| पाकिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| शफीक का एंगिडि बो जानसेन | 09 | 17 | 1 | 0 |
| हक का क्लासेन बो जानसेन | 12 | 18 | 2 | 0 |
| आजम का डिकॉक बो शम्सी | 50 | 65 | 4 | 1 |
| रिजवान का डिकॉक बो कोएत्जी | 31 | 27 | 4 | 1 |
| अहमद का क्लासेन बो शम्सी | 21 | 31 | 1 | 1 |
| शकील का डिकॉक बो शम्सी | 52 | 52 | 7 | 0 |
| शादब का महाराज बो कोएत्जी | 43 | 36 | 3 | 2 |
| नवाज का मिलर बो जानसेन | 24 | 24 | 1 | 2 |
| अफरीदी का महाराज बो शम्सी | 02 | 04 | 0 | 0 |
| वसीम का डिकॉक बो एंगिडि | 07 | 09 | 0 | 1 |
| हारिस रऊफ नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 19, कुल : 46.4 ओवर में 270/10
गेंदबाजी : जानसेन 9-1-43-3, एंगिडि 7.4-0-45-1, मार्कराम 4-0-20-0, महाराज 9-0-56-0, कोएत्जी 7-0-42-2, शम्सी 10-0-60-4.

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| बावुमा का शकील बो वसीम | 28 | 27 | 4 | 1 |
| डिकॉक का वसीम बो अफरीदी | 24 | 14 | 5 | 0 |
| रासी डुसेन पगबाधा बो मीर | 21 | 39 | 0 | 0 |
| मार्करम का बाबर बो मीर | 91 | 93 | 7 | 3 |
| क्लासेन का मीर बो वसीम | 12 | 10 | 0 | 1 |
| मिलर का रिजवान बो अफरीदी | 29 | 33 | 2 | 2 |
| यानसन का बाबर बो रऊफ | 20 | 14 | 2 | 1 |
| कोएत्जी का रिजवान बो अफरीदी | 10 | 13 | 0 | 0 |
| केशव महाराज नाबाद | 07 | 21 | 1 | 0 |
| लुंगी एन्गिडी का एवं बो रऊफ | 04 | 14 | 0 | 0 |
| तबरेज शम्सी नाबाद | 04 | 06 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 21, कुल : 47.2 ओवर में 271/9
गेंदबाजी : अहमद 3-0-23-0, अफरीदी 10-0-45-3, नवाज 6.2-0-40-0, रऊफ 10-0-62-2, वसीम 10-1-50 -2, उसामा मीर 8-0-45-2.

निशानेबाज



# अर्जुन, तिलोत्तमा को रजत पदक और ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय निशानेबाजों अर्जुन बाबुता और तिलोत्तमा सेन ने कोरिया के चांगवोन में चल रही एशियाई चैंपियनशिप में पुरुषों और महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल स्पर्धा में शुक्रवार को रजत पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया। 24 वर्ष के बाबुता, दिव्यांश सिंह पंवार और हृदय हजारिका ने 1892.4 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता।

बाबुता ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले भारत के नौवें निशानेबाज बन गए। महिला और पुरुष वर्ग में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाले वह सातवें राइफल निशानेबाज बन गए। 15 वर्ष की तिलोत्तमा ने महिलाओं के फाइनल में 252.3 अंक बनाकर भारत के लिए दसवां कोटा हासिल किया। वह स्वर्ण पदक से मामूली अंतर से चूक गई। कोरिया की युंजी क्वोन ने 252.4 अंक के साथ स्वर्ण जीता। बाबुता ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 251.2 अंक बनाए। टीम स्पर्धा में भारत ने स्वर्ण, चीन ने रजत और जापान ने कांस्य जीता। भारत के अब आठ स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक हो गए हैं जबकि स्पर्धा में पांच दिन और बाकी हैं। अनंत जीत सिंह नरूका और दर्शना राठौड़ ने कुवैत के अब्दुल्ला अलरशीदी एमान अल शमा को 40.37 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

# सेमीफाइनल में रन आउट के बाद ही ले लिया था संन्यास का फैसला

*मुंबई। न्यूजीलैंड के खिलाफ 2019 विश्व कप सेमीफाइनल में रन आउट होकर महेंद्र सिंह धोनी का पवेलियन लौटना भारतीय क्रिकेट के इतिहास के सबसे निराशाजनक पलों में से एक है। उस मैच में 18 रन से हारकर भारत के विश्व कप से बाहर होने के चार साल बाद धोनी ने खुलासा किया कि यही वह पल था जब उन्हें स्पष्ट हो गया कि उनका अंतरराष्ट्रीय कॅरियर खत्म हो गया है। मार्टिन गुप्टिल ने जब मैनचेस्टर में उस मैच में धोनी को रन आउट किया तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि यह धोनी का भारत के लिए आखिरी मैच है। धोनी ने हाल ही में बेंगलुरु में एक कार्यक्रम में कहा, 'एक करीबी मुकाबले में जज्बात पर काबू रखना मुश्किल होता है, खासकर जब आप हार गए हो। मैने तय कर लिया था कि यह भारत के लिए बतौर क्रिकेटर मेरा आखिरी*



*दिन है। उसके एक साल बाद मैने संन्यास की घोषणा की लेकिन मैने उसी दिन फैसला ले लिया था। हमें फिटनेस पर नजर रखने के लिये मशीनें दी जाती थी और जब भी मैं ट्रेनर को इसे लौटाने जाता तो वह कहते कि अभी अपने पास रखो। अब मैं उनसे कैसे कहता कि मुझे इसकी जरूरत नहीं है और होगी भी नहीं। उस समय तक मैने संन्यास का ऐलान नहीं किया था।'*

**खबर संक्षेप**



### कोच्चि मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे सचिन

**कोच्चि।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर रविवार को यहां सालाना एजियास फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कोच्चि स्पाइस कोस्ट मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे। महाराजा कॉलेज स्टेडियम से होने वाली इस मैराथन में 6000 से अधिक धावक भाग लेंगे। इसमें फुल मैराथन (42.2 किलोमीटर), हाफ मैराथन (21.1 किलोमीटर) और फन रन (पांच किलोमीटर) होगी। तेंदुलकर ने कहा, 'कोच्चि मैराथन हमेशा खास रहती है। इतने साल में अलग अलग वर्ग के लोगों ने फिटनेस के अपने सफर में इस मैराथन में भाग लिया है। आप अपनी फिटनेस का सफर किसी भी समय शुरू कर सकते हैं, उम्र का इससे कोई सरोकार नहीं है।'

### संगीता की हैट्रिक से भारत ने थाईलैंड को 7-1 से रौंदा



**रांची।** संगीता कुमारी की हैट्रिक की मदद से भारत ने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मैच में शुक्रवार को यहां थाईलैंड को 7-1 से पराजित किया। एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम ने शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा और किसी भी समय थाईलैंड की टीम को हावी नहीं होने दिया।

# टीम इंडिया ने किया अभ्यास शॉर्ट गेंदों पर गिल का फोकस

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप के मुकाबले से दो दिन पहले भारत के सात क्रिकेटरों ने यहां कड़ा अभ्यास किया और शुभमन गिल का फोकस शॉर्ट गेंदों पर रहा। इस साल पांच शतक जड़ चुके गिल डेंगू से उबरने के बाद से विश्व कप में उस लय मे नहीं दिखे हैं। डेंगू के कारण वह पहले दो मैचों से बाहर रहे थे। उसके बाद से उन्होंने 26, 53 और 16 रन की पारियां खेली है।

इस साल वनडे क्रिकेट में अब तक 1325 रन बना चुके गिल विश्व कप में अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके हैं। भारत को अगर अपना अजेय अभियान कायम रखना है तो गिल को बड़ी पारी खेलनी होगी। वैकल्पिक अभ्यास सत्र में ईशान किशन, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव ने भी भाग लिया। कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह टीम होटल में ही रहे।



### हार्दिक की गैर मौजूदगी ने अश्विन का चयन किया मुश्किल

रविचंद्रन अश्विन को तीसरे स्पिनर के तौर पर लखनऊ में उतारने का फैसला आसान होता लेकिन स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या की गैर मौजूदगी ने भारतीय टीम प्रबंधन को रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले विश्व कप के मैच से पहले सोचने पर मजबूर कर दिया है। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले तीसरे तेज गेंदबाज हार्दिक अंतिम एकादश को संतुलन देते हैं। धर्मशाला में उनकी गैर मौजूदगी में भारतीय टीम में दो बदलाव करने पड़े थे। भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की थी। हार्दिक के रहने से भारत के पास गेंदबाजी के छह विकल्प होते हैं लेकिन खराब फॉर्म से जूझ रहे इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम पांच गेंदबाजों के साथ उतर सकती है।

# भारत ने पाकिस्तान के साथ 3-3 से ड्रा खेला

एजेंसी ▶▶ जोहोर बाहरू

गत चैंपियन भारत ने दो बार पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सुल्तान जोहोर कप जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में शुक्रवार को यहां 3-3 से ड्रॉ पर रोका।

भारत की तरफ से अमनदीप लाकड़ा (30वें मिनट), आदित्य अर्जुन लालेज (56वें) और उत्तम सिंह (59वें) ने गोल करके टीम के लिए एक अंक सुनिश्चित किया। पाकिस्तान के लिए अरबाज अहमद (31वें, 58वें) और अब्दुल शाहिद (49वें) ने गोल किये। टूर्नामेंट के



शुरुआती मैच में दोनों टीमों ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन किया। दिसंबर में मलेशिया में होने वाले जूनियर विश्व कप से पहले यह टूर्नामेंट सभी टीमों के लिए कड़ी परीक्षा होगा। भारत को गोल करने का पहला मौका 12वें मिनट में मिला लेकिन अंगद बीर सिंह का शॉट निशाने पर नहीं लगा।

## शीतल को रिकॉर्ड दो स्वर्ण, अब तक भारत के 99 पदक...

**हांगझोउ।** भुजाहीन तीरंदाज शीतल देवी एशियाई पैरा खेलों में एक ही सत्र में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई जिन्होंने महिलाओं के व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में शुक्रवार को शीर्ष स्थान हासिल किया। जम्मू कश्मीर की 16 वर्ष की शीतल अपने पैरों से तीर चलाती है। इससे पहले उन्होंने कंपाउंड मिश्रित वर्ग में स्वर्ण और महिला युगल में रजत जीता था। किश्तवाड़ के दूरस्थ इलाके में सैन्य शिविर में पाई गई शीतल को भारतीय सेना ने बचपन में गोद ले लिया था। जुलाई में उन्होंने पैरा विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में सिंगापुर की अलीम नूर एस को 144.142 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था। अंकुर धामा इस सप्ताह एक ही सत्र में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। भारत के अब तक 99 पदक हो गए हैं। 25 स्वर्ण, 29 रजत और 45 कांस्य पदकों के साथ भारत छठवें स्थान पर है।






### रीतिका बनीं अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियन

**तिराना।** रीतिका हुडा 76 किग्रा स्पर्धा में अपनी खिताबी जीत के साथ शुक्रवार को यहां अंडर-23 विश्व चैंपियन बनने वाली दूसरी भारतीय और देश की पहली महिला पहलवान बन गईं जबकि एक अन्य भारतीय ज्योति बेरवाल ने 72 किग्रा के फाइनल में जगह बनाकर अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने की तरफ कदम बढ़ाए। रीतिका ने फाइनल में अमेरिका की केनेडी एलेक्सिस ब्लेड्स को 9-2 से हराया। महिलाओं के 72 किग्रा में ज्योति ने क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की इतिना जबलोतस्का को 9-0 से और सेमीफाइनल में तुर्की की बुकरेनाज सर्ट को 7-0 से हराया।

# सर्दियों में इन खूबसूरत हिल स्टेशन का करें दीदार, मनमोहक दृश्य देख भूल जाएंगे विदेश



भारत की असली खूबसूरती का नाम लेते ही हर किसी के होठों पर हिल स्टेशनों का नाम सबसे पहले आ जाता है। हिल स्टेशन की प्राकृतिक सुंदरता, खूबसूरत मैदान और दिल को छूने वाले दृश्य आपका मन मोह लेंगे। भारत में कई सारे खूबसूरत हिल स्टेशन हैं। यहां पर लाखों की संख्या में पर्यटक घूमने और मनोरंजन के लिए आते हैं। आइए जानते हैं भारत देश के कुछ ऐसे हिल स्टेशनों के बारे में, जिन्हें देखने मात्र से ही आप विदेश जाने का सपना छोड़ देंगे। क्योंकि इन हिल स्टेशनों की खूबसूरती वाकई आपके मन को मोह लेगी।

**मुन्नार**– मुन्नार शहर केरल में स्थित है। वैसे तो यह जगह चाय बागानों के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन यहां आने वाले लोग इस स्थान की प्रकृति को देखकर मोहित हो जाते हैं। यहां की प्रकृति में बहुत ही शांति सी रहती है। इसलिए लोग इस जगह को अधिकतर पसंद करते हैं। अगर आप भी ऐसे ही किसी शांत हिल स्टेशन पर जाना चाहते हैं, तो यह जगह आपके लिए सबसे अच्छी होगी।

**कैसे जाएं मुन्नार**– यदि आप फ्लाइट के जरिए मुन्नार जाना चाहते हैं तो आप कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा तक के लिए टिकट ले सकते हैं। मुन्नार से कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की दूरी 110 किमी है। इस हवाई अड्डे के अलावा मुन्नार जाने के लिए एक और हवाई अड्डा है, जिसे मदुरै अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नाम से जाना जाता है। यह हवाई अड्डा मुन्नार से 164 किमी की दूरी पर स्थित है। वहीं अगर आप ट्रेन से जाना चाहते हैं, तो आप अलुवा रेलवे स्टेशन तक के लिए टिकट ले सकतें हैं। इसके अलावा आपको एनार्कुलम जंक्शन और मदुरै जंक्शन के लिए भी टिकट मिल जाएगी। यहां से मुन्नार तक जाने के लिए आप टैक्सी से आसानी से जा सकते हैं। यहां पर घूमने के लिए कम से कम दो लोगों का 20 से 25 हजार तक का खर्चा लगता है।

**ऊटी**– ऊटी भी प्रकृति के सबसे सुंदर नजारे के लिए प्रसिद्ध है। अगर आपको प्रकृति का सबसे सुंदर नजारा देखना पसंद हैं, तो आप ऊटी के इस वातावरण में जरूर जाएं। यहां के घास के बड़े-बड़े मैदान, हरे कालीन वाले चाय के बागान, धुंध भरी पहाड़ियां, ताजी हवाएं आदि प्राकृतिक चीजें आपका मन मोह लेंगी। ऊटी में आप उन सभी चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं, जो आपके मन पसंद हैं। इसलिए यहां जाकर आपको इन सभी चीजों का आनंद लेना चाहिए।

**खर्चा**– ऊटी में एक रात रूकने का किराया 1000 से 1500 रुपये है। इसके अलावा अगर आप 2 लोगों से यहां पर आते हो, तो 3 दिन के ट्रैवल प्लान में 15000 से 20 हजार रुपये तक का खर्चा आएगा।

**कैसे पहुंचे ऊटी**– यदि आप फ्लाइट के जरिए जाना चाहते हैं, तो आपको कोयम्बटूर एयरपोर्ट जाना चाहिए। इस एयरपोर्ट से ऊटी की दूरी 85 किमी है। इस जगह से आप 3 घंटे में आसानी से ऊटी पहुंच जाएंगे। इसके अलावा अगर आप ट्रेन से जाना पसंद करते हैं तो आपको मेट्टूपलयम ऊटी तक के लिए टिकट लेना होगा। ऊटी से इसकी दूरी 40 किलोमीटर है।



## सेहत के लिए हानिकारक होता है रिफाइंड ऑयल

तेल हमारे खानपान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके बिना स्वादिष्ट खाना बनाना मुमकिन नहीं है। हम सभी इस बात से अच्छी तरह से वाकिफ हैं कि तेल का ज्यादा सेवन यानी कि ज्यादा ऑयली फूड हमारी सेहत के लिए कितना हानिकारक हो सकता है। ऐसे में बहुत जरूरी है कि घर के किचन में इस्तेमाल होने वाले तेल का चयन सही हो।

आमतौर पर तो सभी के घरों में रिफाइंड ऑयल का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन ये ओवर प्रोसेस्ड होने के कारण हमारी सेहत के लिए बिल्कुल भी हेल्दी नहीं है। अगर आप अपने घर के लिए रिफाइंड ऑयल की जगह कुछ हेल्दी ऑप्शन की तलाश में हैं, तो आज ही इन ऑल्टरनेटिव्स को डाइट का हिस्सा बनाएं।

**रिफांइड ऑयल के कुछ विकल्प**

**नारियल का तेल**

नारियल का तेल हमारे शरीर को कई तरह के स्वास्थ्य लाभ देता है। दक्षिण भारत में आमतौर पर नारियल के तेल का इस्तेमाल किया जाता है। अब नॉर्थ में भी लोग तेजी से इस सेवन करना शुरू कर रहे हैं। अगर आप वजन कम करना चाहते हैं, तो अपनी डाइट में नारियल के तेल को शामिल करना बहुत अच्छा ऑप्शन होगा। यह तेल फैटी एसिड तेजी से फैट को बर्न करने और पाचन को बेहतर बनाने में मदद करता है।

**ऑलिव ऑयल**

खाना पकाने के लिए ऑलिव ऑयल यानी कि जैतून का तेल, एक बेहतर विकल्प है। एक्स्ट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल में मोनोअनसैचुरेटेड फैट और कुछ पॉलीअनसेचुरेटेड फैटी एसिड की अच्छी मात्रा होती है, जो हमारे शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं। दिल की सेहत में सुधार करने के लिए भी इस तेल का सेवन अच्छा है।

**सरसों का तेल**

भारतीय घरों में आमतौर पर सरसों के तेल की जगह कोई नहीं ले सकता है। इसमें हेल्दी फैट होते हैं और ये हमारे मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने में भी मदद करता है। वजन कम करने वाले लोग भी इसका सेवन कर सकते हैं। ये कैलोरी बर्न करने की प्रक्रिया को तेज करने में मदद कर सकता है।

**घी**

कई लोगों में यह आम धारणा होती है कि घी हमें मोटा करता है। हालांकि, यह बिल्कुल गलत है। घी का सेवन यदि सीमित मात्रा में किया जाए तो ये वजन कम करने के साथ-साथ कई तरह के स्वास्थ्य लाभ हमें दे सकता है।



## खाने की चीजों को अखबार में पैक करना हो सकती हैं गंभीर समस्या

आज भी कई ऐसे लोग हैं जो लंच में रोटी पैक करने के लिए न्यूजपेपर का इस्तेमाल करते हैं। अगर आप भी उन्हीं लोगों में से हैं तो ऐसा करना आज से ही बंद कर दीजिए। क्योंकि ऐसा करने से आप कई गंभीर बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। ऐसा हम नहीं कह रहे हैं बल्कि फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया की तरफ से कहा गया है।

फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया के मुताबिक न्यूजपेपर को प्रिंट करने के लिए जिस भी इंक का इस्तेमाल होता है। उसमें कई तरह के हानिकारक केमिकल का इस्तेमाल होता है। प्रिंटिंग इंक में कई तरह के रंग, प्रिजर्वेटिव्स इस्तेमाल होते हैं, ऐसे में अगर आप किसी भी तरह का फूड खास कर तेल वाली चीजों को अखबार में पैक करते हैं तो ये खतरनाक केमिकल इसमें चिपक जाते हैं, जिससे ये शरीर के अंदर चली जाती है। इसके अलावा न्यूजपेपर में इस्तेमाल होने वाला पेपर रिसाइकल भी होता है जिससे इसमें सीसा और भारी धातु समेत कई तरह के केमिकल्स भी मौजूद होते हैं जो खाने को कंटामिनटेड (इन गलतियों से दूषित हो जाता है खाना) बना सकते हैं। ये हमारे लिए जानलेवा भी साबित हो सकता है।

# ऑस्टियोपोरोसिस का रिस्क बढ़ाती हैं ये चीजें उम्र बढ़ने के बाद बना लें दूरी

उम्र बढ़ने के साथ हड्डियों का कमजोर होना आम बात है। लेकिन जब ये हड्डियां हद से ज्यादा कमजोर हो जाएं और ऐसी नौबत आ जाए कि बहुत आसानी से इनमें फ्रैक्चर होने लगे या हड्डी टूटने लगे, तो इस स्थिति को ऑस्टियोपोरोसिस कहा जाता है। ऑस्टियोपोरोसिस के दौरान कमर, हिप्स और जॉइंट्स में फ्रैक्चर होने की आशंका काफी बढ़ जाती है। हड्डियों के फ्रैक्चर का खतरा बोन मास डेंसिटी कम होने के कारण बढ़ता है। बोन मास डेंसिटी जितनी कम होगी, हड्डियां उतनी ही कमजोर और भुरभुरी हो जाएंगी और ऑस्टियोपोरोसिस का रिस्क बढ़ जाएगा।

पुरुषों के मुकाबले ये समस्या महिलाओं में देखने को मिलती है। इसका बड़ा कारण है शरीर में कैल्शियम और विटामिन डी की कमी।

खानपान में लापरवाही के कारण 35 की उम्र के बाद बोन मास डेंसिटी कम होने लगती है और बीमारी का रिस्क बढ़ जाता है। परेशानी की बात ये है कि ऑस्टियोपोरोसिस का कोई इलाज नहीं है। ऐसे में खानपान को लेकर हर किसी को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए और उन चीजों से परहेज करना चाहिए जो हड्डियों को खोखला बनाने का काम करती हैं। इसलिए हर साल 20 अक्टूबर को वर्ल्ड ऑस्टियोपोरोसिस डे मनाया जाता है।



*पुरुषों के मुकाबले ये समस्या महिलाओं में देखने को मिलती है। इसका बड़ा कारण है शरीर में कैल्शियम और विटामिन डी की कमी। खानपान में लापरवाही के कारण 35 की उम्र के बाद बोन मास डेंसिटी कम होने लगती है और बीमारी का रिस्क बढ़ जाता है। परेशानी की बात ये है कि ऑस्टियोपोरोसिस का कोई इलाज नहीं है।*





**ऑस्टियोपोरोसिस के रिस्क फैक्टर्स**

- कैल्शियम की कमी
- विटामिन डी की कमी
- फिजिकल इनएक्टिविटी
- स्मोकिंग करना
- अधिक शराब का सेवन
- रूमेटाइड अर्थराइटिस
- दवाओं के साइड इफेक्ट्स
- ऑस्टियोपोरोसिस के लक्षण
- पोश्चर में बदलाव
- सांस की तकलीफ

**आसानी से हड्डी टूटना**

- पीठ के निचले हिस्से में दर्द ऊंचाई का कम होना।
- 35 के बाद बनाएं इन चीजों से दूरी

**सोडा-कोल्डड्रिंक**

तमाम रिसर्च बताती हैं कि सोडा वाली चीजें पीने से हड्डियां कमजोर होती हैं। इससे हिप फ्रैक्चर के जोखिम बढ़ता है। वहीं कोल्डड्रिंक हड्डियों को खोखला बनाने का काम करती है। इन्हें अधिक लेने से आपकी स्किन का भी ग्लो गायब हो जाता है और व्यक्ति उम्र से ज्यादा बड़ा दिखता है।



# स्मोकिंग छोड़ने में मदद करेंगी ये टिप्स

सिगरेट से होने वाले नुकसान से हम सभी वाकिफ हैं। बाकायदा सिगरेट के पैकेट पर इसका नुकसान साफ-साफ लिखा होता है। वहीं WHO की माने तो स्मोकिंग के कारण हर साल 8 मिलियन से अधिक लोगों की मौत होती है। इसके साइड इफेक्ट्स जानने के बाद कई लोग सिगरेट छोड़ने का इरादा बनाते हैं, लेकिन इससे पीछे हट जाते हैं। कई लोग तो नए साल पर सिगरेट छोड़ने का रिजॉल्यूशन भी लेते हैं, लेकिन अफसोस लत ऐसी होती है कि सिगरेट छोड़ना नामुमिक हो जाता है। अगर आप भी स्मोकिंग छोड़ना चाहते हैं तो ये कुछ टिप्स आपके बहुत काम आ सकते हैं।



**धीरे-धीरे कदम बढ़ाएं**

कुछ लोग चेनस्मोकर्स होते हैं, ऐसे लोगों के लिए अचानक से सिगरेट छोड़ना मुश्किल होता है। ऐसे लोगों को धीरे-धीरे कदम बढ़ाना चाहिए। अगर आप एक दिन में 6 सिगरेट पीते हैं तो आप इसे 4 पर लाएं, फिर किसी दिन दो ही पिएं। इसके अगले दिन बिल्कुल भी ना पिएं। ऐसा करने में हफ्तों लग जाएंगे और फिर आपको एहसास होगा कि आप बिना सिगरेट के भी रह सकते हैं।

**सही माहौल चुने**

कई बार लोग सिगरेट पीने का इरादा तो बना लेते हैं लेकिन जब आस पास के लोगों को सिगरेट पीता देखते हैं तो दोबारा से सिगरेट पीने का मन हो जाता है। सिगरेट की लत छोड़ना चाहते हैं तो ऐसे माहौल और संगत से दूर रहें। ऐसे माहौल में रहें जहां से आपको सिगरेट छोड़ने की प्रेरणा मिले।

**तंबाकू छोड़ो एप का सहारा**

सिगरेट की लत छोड़ने के लिए तंबाकू छोड़ो एप का सहारा ले सकते हैं। इस एप को विश्व स्वास्थ्य संगठन यानि WHO ने लॉन्च किया है। ये ऐप यूजर्स की पहचान करने, उनके लक्ष्य को तय करने और क्रेविंग पर रोक लगाने में मदद करता है।

**खुद को डिइवर्ट करें**

जब भी सिगरेट पीने की तलब हो तो खुद से थोड़ा इंतेजार करने को कहें। इस दौरान आप अपने मन को भटकाने की कोशिश करें। जैसे परिवार वालों के पास बैठें, अपनी पसंदीदा संगीत सुनें, कुछ पसंदीदा स्नैक्स ट्राई करें। घर में ही कुछ एक्सरसाइज करें, इससे आपकी तलब कम हो सकती है।

**निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी**

आप निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी का सहारा भी ले सकतेहैं। इस थेरेपी को डब्ल्यूएचओ ने मंजूरी दी है। इस थेरेपी में कम निकोटिन की मात्रा वाले उत्पादों का इस्तेमाल किया जाता है। इसके तहत निकोटिन के चुइंगम, स्प्रे, इनहेलर, पैच दिए जाते हैं। इसका मकसद निकोटिन की मात्रा को कम कर धीरे-धीरे लत को दूर करना होता है।



## क्या आप जानते हैं?

## 28 अक्तूबर का इतिहास

- **इटली** में रोम मार्च के द्वारा फासिस्ट शक्तियों ने 1922 में सत्ता पर अधिकार कर लिया और मुसोलनी वहां का प्रधानमंत्री बना।
- लाल सेना ने 1922 में व्लादिवोस्तोक का अधिग्रहण किया।
- अमेरिकी शेयर बाजार 1929 में वॉल स्ट्रीट धराशायी हुआ। जिससे कारोबार बाजार 24 फीसदी गिर गया। इसे अमेरिकी इतिहास की सबसे बड़ी गिरावट कहा जाता है।
- दूसरे विश्व युद्ध में जर्मनी के घटक बुलगारिया ने 1944 में बिना शर्त सोवियत संघ के सामने समर्पण कर दिया।
- अर्नेस्ट हेमिंग्वे को 1954 में साहित्य का नोबल पुरस्कार मिला।
- मिस्त्र और सऊदी अरब ने 1955 में रक्षा संधि पर हस्ताक्षर किए।
- सोवियत संघ के नेता निकिता ख्रुश्चेव ने 1962 में घोषणा की, की उनका देश अमरीका के निशाने पर सधी, क्यूबा में तैनात परमाणु मिसायलें हटा लेगा।
- इंटरपोल की 67वीं आमसभा अत्याधुनिक तकनीक आतंकवाद और अन्य आधुनिक संगठित अपराधों से निपटने की एक नयी रणनीति के साथ 1998 में समाप्त।
- जर्मनी के चांसलर गेरहार्ड श्रोडर 2001 में भारत की यात्रा पर आये, जापान के प्रधानमंत्री जुनीशिरो कोअजुमी के विशेष दूत योसितो मोरी भारत दौरे पर आये।
- बीजिंग में 4000 वर्ष पुराने मकबरों का पता 2004 में लगा। परमाणु मसले पर ईराक के साथ यूरोपीय संघ की वार्ता विफल।
- चेकोस्लोवाकिया देश ने 2005 में अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
- पाकिस्तान के पेशावर में 2009 को बम धमाके से 117 मरे, 213 घायल।
- सीरिया में 2012 को संघर्ष विराम का उल्लंघन, 128 लोग मारे गये।
- जर्मनी के सेबेस्टियन वेटेल ने वर्ष 2012 का फार्मूला वन इंडियन ग्रां प्री खिताब जीता।

# हाई यूरिक एसिड में फायदेमंद है गांठ गोभी

जब शरीर में प्रोटीन का मेटाबोलिज्म गड़बड़ा जाता है तो ये प्यूरिन के रूप में हड्डियों के बीच जमा होने लगता है। ऐसे में ये गैप पैदा करता है जिसे गाउट की समस्या कहते हैं। इस स्थिति में गांठ गोभी का सेवन फायदेमंद हो सकता है। दरअसल, इस सब्जी में कुछ ऐसे गुण हैं जो कि हड्डियों के दर्द को कम करने के साथ सूजन से लड़ने में मदद करते हैं। इसके अलावा भी हड्डियों के लिए इस सब्जी के कई फायदे हैं। तो, जानते हैं इन तमाम गुणों के बारे में और फिर जानेंगे कि ये कैसे मददगार है।



**फाइबर से भरपूर**

फाइबर से भरपूर गांठ गोभी आपके शरीर के प्यूरिन मेटाबोलिज्म को तेज कर सकती है। ये पाचन तंत्र को तेज करती है और प्यूरिन पचाने में मददगार है। इससे मल के जरिए शरीर में जमा प्यूरिम बाहर आ जाता है और यूरिक एसिड शरीर में अतिरिक्त रूप में जमा नहीं होता। इससे शरीर में यूरिक एसिड की समस्या नहीं बढ़ती और गाउट की समस्या नहीं होती।

**एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर**

एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर गांठ गोभी का सेवन शरीर में सूजन को रोकने में मदद कर सकता है। इसमें विटामिन सी, एंथोसायनिन और आइसोथियोसाइनेट जैसे एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं जो कि सूजन को ट्रिगर करने से रोकते हैं और दर्द से बचाते हैं।

**कैल्शियम और पोटेशियम से भरपूर**

हड्डियों की मजबूती के लिए कैल्शियम और पोटेशियम से भरपूर ये सब्जी बहुत फायदेमंद है। ये दोनों ही तत्व हड्डियों को अंदर से मजबूती प्रदान करते हैं। ऐसे में गांठ गोभी खाना इसलिए भी फायदेमंद हो जाता है क्योंकि इसमें ये दोनों प्रचुर मात्रा में हैं और ये गाउट की समस्या में दर्द को कम करने में मददगार है। तो, इन तमाम कारणों से आपको हाई यूरिक एसिड में गांठ गोभी का सेवन करना चाहिए।



## इन हेल्दी ड्रिंक्स के साथ सोडे को करें रिप्लेस

ज्यादातर लोगों को सोडा पीने का काफी ज्यादा शौक होता है, इस वजह से समय-समय पर लोग सोडा का सेवन करते रहते हैं और यह उनको बहुत ही पंसद भी आता है। लेकिन इसके पीने से सेहत को कितना नुकसान होता है। इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। एक हेल्थ रिसर्च के अनुसार सोडा का नियमित रूप से सेवन नॉन-अल्कोहलिक लिवर डिजीज का कारण बनता है। इतना ही नहीं यह यूरिक एसिड को भी बढ़ा देता है जिसके कारण गठिया की बीमारी हो सकती है। बहुत अधिक सोडा पीने से वजन बढ़ना, डायबिटीज और दिल से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में आप इन हेल्दी ड्रिंक्स से सोडा को रिप्लेस कर सकते हैं।

**आइस्ड टी का सेहत पर फायदे**


सोडा के रिप्लेसमेंट में आइस्ड टी का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें मौजूद हाइड्रेटेड दिन की शुरुआत करने का एक शानदार तरीका है। इसके साथ ही इस चाय में मौजूद फ्लेवोनोइड्स अच्छे एंटीऑक्सिडेंट होते हैं, जो ब्लड वैसल्स की सूजन को कम करके हार्ट हेल्थ सहित कई बीमारियों को रोकने में मदद कर सकते हैं।

**नारियल पानी**

नारियल पानी एक नेचुरल और ताजा स्वादिष्ट और हेल्दी ड्रिंक है, जो पोटेशियम और इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर है, जो शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करते हैं। नारियल पानी फैट फ्री होता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो त्वचा के लिए अच्छा माने जाते हैं। आसानी से मिलने वाले इस हेल्दी ड्रिंक सोडा की जगह अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**नींबू पानी**

नींबू पानी को सोडा की जगह पीने के कई ढेर सारे फायदे हैं। नींबू पानी में एंटीऑक्सिडेंट, पोटैशियम, फोलेट, विटामिन-बी जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। जिनकी मदद से त्वचा, ब्लड प्रेशर और हार्ट से जुड़ी बीमारियों से छुटकारा मिल सकता है। इसके साथ इसका सेवन करने से एसिडिटी और पेट से जुडी परेशानियां गायब हो जाती है।



## चेहरे के अनचाहे बालों को नेचुरल तरीके से हटाएं

चेहरे के अनचाहे बालों से ज्यादातर महिलाओं को परेशान देखा गया है, आखिर ऐसा क्यूं न हो इनसे उनकी खूबसुरती में काफी रूकावट आ जाती है। इससे छुटकारा पाने के लिए तरह- तरह के केमिकल क्रीम का इस्तेमाल करती रहती हैं। जिसके साइड इंफेक्ट चेहरे को बेजान और उनके ग्लो के कम करने के साथ ही काफी ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। इनसे बचने के लिए महिलाओं को कुछ नेचुरल टिप्स का इस्तेमाल करना चाहिए, जिसका कोई साइड इंफेक्ट भी नहीं होता है और पैसों की भी बचत हो जाती है तो आइए जानते हैं, कुछ नेचुरल टिप्स के बारे में जिनकी मदद से इस प्रॉब्लम से निजात पाया जा सकता है।

**बेसन और गुलाब जल के फेस पैक का इस्तेमाल**

चेहरे के अनचाहे बालों को रोकने के लिए गुलाब जल और बेसन का यूज कर सकते हैं। इसका फेस पैक बनाने के लिए बस इतना करना है कि बेसन और गुलाब जल को बराबर मात्रा में लेकर इसमें कुछ बूंदें नींबू का रस डालें। इसे अच्छी तरह से मिलाएं और अपने चेहरे पर लगाएं। इसे सूखने दें और फिर चेहरे के बालों को हटाने के लिए इसे अपनी उंगलियों से रगड़ें। आप इस पेस्ट को सप्ताह में दो या तीन बार दोहरा सकती हैं।

**शहद और अखरोट के पेस्ट** चेहरे के अनचाहे बालों से छुटकारा पाने के लिए हम शहद और अखरोट से बने पेस्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक कटोरी में एक चम्मच अखरोट का पाउडर और एक चम्मच शहद अच्छे से मिला लें। अब इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर 15 मिनट तक सूखने दें। अब उंगलियों को गीला कर गोल घुमाते हुए मसाज करें और बाद में पानी से धो लें।

**शहद और चीनी के फैस स्टिकी पेस्ट**

शहद और चीनी की मदद से चेहरे के अनचाहे बालों को हटाया जा सकता है। इसका पेस्ट बनाकर हम इस समस्या से बच सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले एक चम्मच शहद में 2 चम्मच चीनी मिलाकर इसे एक चम्मच पानी के साथ मिलाएं। इस पेस्ट को गर्म करें और इसे अनचाहे बालों पर लगाकर उसके ऊपर कॉटन स्ट्रिप रखकर ठंडा करें और फिर बालों के बढ़ने की दिशा से उल्टा खींचकर छुड़ा लें।

# भगवान की भजन भक्ति में स्वार्थी ही जीवन में परमार्थी होता है : शांतनु जी महाराज





प्रखर जौनपुर। बी आर पी इण्टर कालेज के मैदान में सेवा भारती के सौजन्य से आयोजित श्रीराम कथा के तीसरे दिन शांतनु महराज ने प्रभु राम के जन्मोत्सव की बधाई के साथ कथा प्रारंभ किया। उन्होंने बताया कि जब भगवान प्रगट हुए तो देवता भी आकाश मार्ग से पुष्प की वर्षा करने लगे और अयोध्या के नागरिक जो जैसे था वैसे ही भगवान के दर्शन के लिए दौड़ पड़े।अयोध्या वासियों का उदाहरण देकर भगवान के दर्शन की आचार संहिता बताई। भगवान को प्राप्त करने के लिए किसी भी प्रकार की बनावट दिखावट की आवश्यकता नहीं है।परमात्मा को पाने के लिए दौड़ जाओ और भजन में भक्ति में परमार्थ में स्वार्थी होना ही पड़ता है और जो जितना भजन में स्वार्थी हो जाता है संसार के व्यवहार में उतना ही परमार्थी हो जाता है। शांतनु महाराज ने भगवान की बाल लीलाओं का बखान करते हुए उनके रूप दर्शन का वर्णन किया।उन्होंने कहा भगवान का रूप सर्वांग मधुर ही मधुर है। नामकरण संस्कार की चर्चा करते हुए कहा कि नाम संतों से शास्त्रों से बड़े बुजुर्गों से विद्वानों से पूछ कर ही रखना चाहिए क्योंकि हमारे यहां पुरानी कहावत है यथा नाम तथा गुणः ।

वशिष्ठ जी ने चारों भाइयों का नामकरण विशेष प्रकार से किया महाराज जी ने भारत के प्राचीन महान वैदिक गुरुकुल शिक्षा परंपरा के ऊपर भी प्रकाश डाला और बताया कि भगवान चारों भाइयों सहित गुरुकुल में पढ़ने गए। इसलिए आज भी वह गुरुकुल वैदिक परंपरा प्रासंगिक है क्योंकि आज हम शिक्षित तो बना रहे हैं किंतु समझदार नहीं बना पा रहे हैं। शिक्षा और समझदारी में अंतर है और नए भारत का निर्माण यदि करना है तो शिक्षा के साथ-साथ संस्कार की भी अत्यंत आवश्यकता है। हम आने वाली पीढ़ियों को पैसे कमाने की मशीन बना रहे हैं और ऐसे बालक कभी भी अपने माता पिता परिवार समाज व राष्ट्र का महत्व नहीं समझते है। अतःभारत को पुनः विश्व गुरु के पद पर स्थापित करने के लिए है इन छोटी-छोटी बातों पर विशेष ध्यान देना चाहिए।विश्वामित्र यज्ञ रक्षा के प्रसंग में शांतनु जी ने बताया कि भगवान विश्वामित्र जी के साथ जाकर उनके यज्ञ की रक्षा करते हैं। अर्थात जिसको भी अपने जीवन रूपी यज्ञ कि यदि रक्षा करना है उसको राम और लक्ष्मण अवश्य साथ रखने होंगे। राम यानी सत्य लक्ष्मण यानी वैराग्य त्याग समर्पण तो जीवन में सत्य की सुगंध भी आनी चाहिए। अहिल्या प्रसंग को समझाते हुए महाराज जी ने कहा जीवन में जब भी कोई पाप हो जाए पाप को छुपाना नहीं चाहिए।महाराज जी ने बताया कि गंगा गीता गौरी और गायत्री भारत के प्राण है। इनकी रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। मुख्य रूप से सीमा द्विवेदी सदस्य राज्यसभा डा हरेंद्र प्रसाद सिंह दिनेश टंडन प्रदीप जायसवाल डा शुभा सिंह गीता जायसवाल बृजेश सिंह प्रिंसू विमल सिंह जितेंद्र यादव प्रदीप सिंह रिंकु डा अनीता त्रिपाठी सुचिता सिंह शिक्षा निषाद अनुपमा राय करूणा मौर्या राखी सिंह शिक्षक नेता रमेश सिंह और विनोद राय सहित दर्जनों विशिष्ट जन उपस्थित रहे।

## सयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स ने बैंकिंग के साथ साथ सीखे आत्मरक्षा के गुर



प्रखर सहजनवा, (गोरखपुर)। 22 अक्टूबर से चल रहे दस दिवसीय सयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-172 भोलाराम इंटर कालेज, सहजनवा में एनसीसी कैडेटो को सातवे दिन कैम्प कमांडेंट कर्नल सतीश कवर के नेतृत्व एसबीआई से आए बैंक अधिकारी फील्ड ऑफिसर शशी प्रताप सिंह तथा कैशियर विनय सिंह ने बैंक संबंधी जरूरी जनकारी दी, और बताया की किस प्रकार से हम बैंक में खाते खुलवा सकते तथा किस प्रकार से हम साइबर फ्रॉड से बच सकते है, वही स्टेट योगा चैंपियन पीयूष ने कैडेट्स को स्वनिर्मित फिजिकल सेल्फ डिफेंस की के कुछ टेक्निक सिखाए, तथा अचानक हुए हमलों की परिस्थिति में आसान तरीके से अपनी सुरक्षा का हुनर सिखाया । जिसके बाद प्रशिक्षण देने आए दोनो अतिथियों को कर्नल सतीश कवर ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एडम ऑफिसर कर्नल नरेन्द्र डागर, फर्स्ट ऑफिसर भारत सिंह, थर्ड आफिसर सुर्य प्रताप सिह, थर्ड आफिसर पुनीत त्रिपाठी, ले० बंदिता त्रिपाठी, सूबेदार मेजर पवन कुमार, सूबेदार काशी लिम्बू एंव अन्य पी. आई स्टाफ मौजूद रहे।

## सपाजनों ने धूमधाम से मनाई महर्षि वाल्मीकि की जंयती



प्रखर जौनपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शनिवार को निवर्तमान जिलाध्यक्ष डां अवधनाथ पाल के अध्ययता में महर्षि वाल्मीकि का जंयती बडे धूमधाम मनाया गया सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया । वहीं डां अवधनाथ पाल ने जंयती के अवसर पर महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि का नाम रत्नाकर था उनका पालन जंगल में रहने वाली भील जाति में हुआ था जिस कारण उन्होंने भीलों की पंरपरा को अपनाया और आजीविका के लिए डाकू बन गए अपने परिवार के पालन पोषण के लिए राहगीरों को लुटते थें एवं जरूरत होने पर मार भी देते थें इस प्रकार वे दिन प्रतिदिन अपने पापों का घड़ा भर रहें थें । एक दिन उनके जंगल से नारद मुनि निकल रहें थें उन्हें देख रत्नाकर ने उन्हें बंदी बना लिया नारद मुनि ने उसे सवाल किया कि तुम ऐसा पाप क्यों कर हो रत्नाकर ने जवाब दिया अपने और परिवार की जीवन यापन के लिए तब नारद मुनि ने पूछा जिस परिवार के लिए तुम ये पाप कर रहे हो क्या वह परिवार तुम्हारे पापों की फल का भी वहन करेगा। रत्नाकर ने जोश के साथ कहा बिल्कुल करेगा मेरा परिवार मेरे साथ सदैव खड़ा रहेगा नारद मुनि ने कहा एक बार तुम अपने परिवार से पूछ लो अगर वह हां कहेंगे तो मैं तुम्हें अपना धन दे दूंगा । रत्नाकर ने अपने सभी परिवार जनों एवम मित्र जनों से पूछा लेकिन किसी ने इस बात पर हामी नहीं भरीं इस बात का रत्नाकर पर गहरा आधात पहुंचा और उन्होंने दुराचारी के उस मार्ग छोड़ तप का मार्ग चुना एंवम कई वर्षों तक ध्यान एवं तपस्या की जिसके फलस्वरूप उन्हें महर्षि वाल्मीकि का नाम एवम ज्ञान की प्राप्ति हुई और उन्होंने संस्कृत भाषा में रामायण महाग्रंथ की रचना की इस प्रकार जीवन की एक घटना ने डाकू रत्नाकर को महर्षि वाल्मीकि बना दिया।

## गौस-ए-पाक की ग्यारहवीं शरीफ पूरे महीने बड़े अकीदत के साथ मनाई गयी



प्रखर जौनपुर। पीरान-ए-पीर दस्तगीर हजरत शेख अब्दुल कादिर जिलानी गौस-ए-पाक की ग्यारहवीं शरीफ अकीदत और खुलूस के साथ मनाई गई। फातिहाख्वानी के बाद मुल्क में अमन चैन की दुआएं मांगी गई। देर रात तक चली जश्ने गौसुलवरा की महफिल में नात पेश कर समा बांध रखा। शुक्रवार की देर शाम को मोहल्ला मंडी नसीब खा निकट भगत सिंह पार्क मास्टर शराफातुल्लाह सफीकी के मकान पर ग्यारहवीं शरीफ का आयोजन डॉक्टर जावेद पप्पू की सरस्पती में किया गया। फातिहाख्वानी के बाद मुल्क की खुशहाली, सलामती की दुआ कराई गई। इस अवसर पर हजरत मौलाना कयामुद्दीन अपनी तकरीर मे कहा कि अल्लाह ने पीरान-ए-पीर दस्तगीर हजरत शेख अब्दुल कादिर जिलानी गौस-ए-पाक को गौसियत (वलियों का सरदार) का मुकाम दिया है। गौस पाक के बताए हुए रास्ते पर चलने की नसीहत दी और नमाज के बारे में तफसील से बयान किया कहां की नमाज ही हर मसले का हल है पाबंदी ए वक्त के साथ नमाज को हर शख्स को पढ़ना चाहिए हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलेह वसल्लम के बताए हुए रास्ते पर चलकर दुनिया में तरक्की का रास्ता आई चुने व कौम की भलाई के लिए काम करें इस मौके पर नात खवा हसीन जौनपुरी ने नाते नबी का नजराना पेश कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया निजामत मौलाना नबी ने की सलाम का नजराना अंजुमन रसीदिया ने अपने दस्ते के साथ पढ़ा जलसा गौसुल वरा खत्म होने के बाद आए हुए लोगों में तबर्रुक वितरित किया गया इस मौके पर , डा.जावेद, हाजी समीम एडवोकेट डॉक्टर हसीन बबलू सभासद. हबीब रहमान. जमसेद अख्तर ,हनीफ अंसारी, महताब मंसूरी , जफर शेरू,शकील मंसूरी, लड्डू , बाबू, ताबिस छोटू आदि लोग उपस्थित रहे आए हुए लोगों का डा. जावेद ने शुक्रिया अदा किया।

## बीएचयू के दर्जनों छात्रों ने जयश्री बाग व नर्सरी में लिया एक दिवसीय प्रशिक्षण




प्रखर चोलापुर वाराणसी। स्थानीय क्षेत्र के बबियाव स्थित जय श्रीबाग एवं नर्सरी पर काशी हिंदू विश्वविद्यालय स्नातक कृषि फाइनल वर्ष के छात्र-छात्राओं का एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें दर्जनों की संख्या में छात्र-छात्राए जय श्री बाग एवं नर्सरी पहुंचे और उन्होंने जय श्री बाग का अवलोकन किया। बता दे की पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बीएचयू के छात्र- छात्राएं जय श्री बाग नर्सरी व एफपीओ पर सुबह पहुंचे और वहां पर उन्होंने नर्सरी मैनेजमेंट, ग्राफ्टिंग, मल्चिंग, छत्र प्रबंधन, गो-पालन, फलों की ग्रेडिंग एवं पैकिंग और एफपीओ के द्वारा हो रहे कार्यों पर विस्तार से जानकारी ली। विस्तार से जानकारी जय श्री बाग एवं नर्सरी के साथ चोलपुर फार्मर प्रोड्यूसर ऑगेर्नाइजेशन के बीओडी शैलेंद्र सिंह व सौरभ सिंह ने विस्तृत जानकारी दी। छात्र-छात्राओं को एफपीओ के कार्य प्रणाली पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ कृषि प्रचार प्रसार विभाग के डॉक्टर कल्याण घडेई एवं डॉ श्रीनिवास सहित डॉक्टर मीना भी उपस्थित रही।

## आर एस वर्ल्ड टेबल टेनिस सीबीएसई क्लस्टर का शुभारंभ





प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। राजातालाब खजूरी स्थित आर एस वर्ल्ड स्कूल के टेबल टेनिस कोर्ट पर खिलाड़ियों का हुनर दिखाई दिया ` मौका था सीबीएसई क्लस्टर टेबल टेनिस टूनार्मेंट के उद्घाटन समारोह का तीन दिवसीय टूनार्मेंट के पहले दिन वाराणसी सहित पूर्वाचल के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया इसके पूर्व विद्यालय के छात्र छात्राओं ने मनोहारी फ्यूजन डांस सहित विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से टूनार्मेंट के उद्घाटन समारोह को यादगार बना दिया आर एस वर्ल्ड स्कूल के स्टेडियम में शुक्रवार को सीबीएसई क्लस्टर टेबल टेनिस टूनार्मेंट का शुभारंभ हुआ उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि वाराणसी के मेयर अशोक तिवारी ने मशाल प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की इसके पूर्व खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट के साथ ही मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया` आर एस वर्ल्ड स्कूल में दूसरी बार आयोजित टेबल टेनिस टूनार्मेंट में 26 जिलों के 65 स्कूलों से लगभग 500 सौ विद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल के मैदान में उतरने वाले खिलाड़ी केवल अपने लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित कर सफलता पाने की भरपूर कोशिश करता है चाहे बालक हो या बालिका, वर्तमान समय की आवश्यकता है कि खेल गतिविधियों में विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए। खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय की चेयरमैन अंजू जायसवाल ने बच्चों को बधाई दी विद्यालय के वाइस चेयरमैन आयुष जायसवाल ने खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया` समारोह के विशिष्ट अतिथि जी.सी. जायसवाल और जी.एन. तिवारी सहित तमाम गणमान्य अतिथिगण मौजूद रहे टेबल टेनिस टूनार्मेंट के पहले दिन वाराणसी सहित पूर्वाचल के विभिन्न जनपदों से खिलाड़ियों के बीच कांटे का मुकाबला देखने को मिला। विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया बता दे कि टेबल टेनिस टूनार्मेंट का समापन 29 अक्टूबर को होगा इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत स्कूल के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर किया अपने एक से बढ़कर एक मनोहारी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया` विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा संचालन देश रतन ने किया।

## जौनपुर के आठ शिक्षकों को मिला उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान पुरस्कार




प्रखर जौनपुर। बेसिक शिक्षा विभाग अलीगढ़ एवं टीम मिशन शिक्षण संवाद द्वारा प्रादेशिक शिक्षक समागम कार्यशाला 26 व 27 अक्टूबर को अलीगढ़ में आयोजित किया गया। इसमें जौनपुर से आठ शिक्षकों को बेसिक शिक्षा एवं मिशन शिक्षण संवाद के तत्वावधान में उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मिशन पढ़ाई से प्रतियोगिता, निपुण लक्ष्य, कायाकल्प, मिशन शक्ति, प्रकृति मित्र अभियान जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की प्रस्तुति में दो दिवसीय उत्कृष्ट शिक्षक कार्यशाला में प्रतिभाग कर अपनी विद्यालय की प्रस्तुतीकरण दिया। बदलापुर तहसील क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय देवापट्टी में कार्यरत सहायक अध्यापक उपेंद्रनाथ उपाध्याय भी चयनित आठ शिक्षकों में शामिल हैं। इनके साथ जौनपुर से अखिलेश सिंह एसआरजी, अमित सिंह प्रधानाध्यापक ताहिरपुर सिकरारा, प्रशांत मिश्रा एआरपी शाहगंज,पीएस बेलोनकला के राजेश उपाध्याय, कृष्णानंद पासवान पीएस जहरुद्दीनपुर सुईथाकला, मिहिर यादव सीएस पांडेपुर मुंगराबादशाहपुर, शिवम सिंह लखेसर सिकरारा प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह होंगे मुख्य अतिथि रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### चकरोड के विवाद में महिला ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर लगाई आग

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के करखियाव गांव में शनिवार की सुबह साढ़े 8 बजे चकरोड के विवाद में ग्रामीणों की पिटाई से क्षुब्ध अधेड़ महिला ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। गंभीरावस्था में उसे पीएचसी पिंडरा से दीनदयाल के लिए रेफर कर दिया गया। बताते है करखियाव निवासी विधवा पार्वती देवी 50 वर्ष के घर के सामने चकरोड पहले का बना हुआ था जो उसके निजी भूमि में थी और पूर्व में उसके परिवार के सहमति से बनी थी। उस चकरोड पर शनिवार को गांव के लोग मिट्टी डालकर ठीक कर रहे थे। तभी उसने विरोध किया और बगल में स्थित आबादी में मिट्टी डालकर चकरोड बनाने की बात की। महिला ने बताया कि इस दौरान गांव के कई लोगों ने उसे पीट दिया जिससे क्षुब्ध होकर घर मे खड़ी बाइक से पेट्रोल निकाल कर अपने ऊपर उड़ेल ली। जिससे लगभग 40 फीसदी जल गई। उसके बाद गांव के लोग उसे पीएचसी पिंडरा ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे चिकित्सको ने दीनदयाल अस्पताल के बर्न यूनिट के लिए रेफर कर दिया गया। चिकित्सक डॉ प्रदीप कुमार ने बताया कि उसकी हालत ठीक है। वही घटना के बाद एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा, एडीसीपी टी सरवन, एसीपी प्रतीक कुमार एसओ दीपक कुमार रणावत व कानूनगो व लेखपाल भी मौके पर पहुच गए। घटना को लेकर गांव में भी दो पक्ष होने से तनाव की स्थिति बनी हुई है।

### जेपी मेहता के प्राचार्य ने छात्रों के लिए खरीदा "जाणता राजा" का टिकट



प्रखर वाराणसी। विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक नाटक जनता राजा का मंचन 21 से 26 नवंबर तक काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रांगण में हो रहा है । सेवा भारती काशी क्षेत्र के सहयोग से इस ऐतिहासिक नाटक का मंचन किया जा रहा है इसे देखने के लिए टिकट वितरण की व्यवस्था कई जगहों पर की गई है इसी कड़ी में कचहरी स्थित जेपी मेहता इंटर कॉलेज के प्राचार्य नृप किशोर सिंह के द्वारा स्कूल के बच्चों के लिए टिकट लिया गया । गौरतलब है कि नृप किशोर सिंह उत्तर भाग सेवा भारती के उपाध्यक्ष भी है एवं आप न्याय नगर के पर्यावरण प्रमुख भी है । इस अवसर एच एन सिंह बिसेन और अजय सिंह भी उपस्थित रहे। बता दें कि यह विश्व प्रसिद्ध नाटक वीर शिवाजी के जीवन चरित्र पर आधारित है । मान्यता है कि इस समय विश्व में सजीव मंचन का यह सबसे बड़ा ऐतिहासिक नाटक है जिसमें सैकड़ो की संख्या में पात्र और वन्य जीव शामिल होते हैं।

### पूर्व प्रधान उमेश सिंह के प्रयास से टांडा जखनियां संपर्क मार्ग पर मरम्मत कार्य शुरू

प्रखर सादात गाजीपुर। सादात बहरियाबाद मार्ग से टांडा चट्टी से एक संपर्क मार्ग निकलकर डीहवां, इब्राहिमपुर होते हुए जखनियां तक जाता है। वर्षों से यह सड़क मरम्मत के अभाव में अपेक्षित पड़ी हुई थी जिससे वहां के आम निवासियों को आने-जाने में बहुत ही दिक्कत का सामना करना पड़ता था । समय-समय पर खस्ता सड़क की वजह से लोग गिर कर जख्मी भी हो जाते थे । बावजूद इसके प्रशासन की निगाहें इस सड़क पर नहीं थी। लिहाजा सड़क मरम्मत के अभाव में रोज क्षतिग्रस्त होती जा रही थी। डीहवां के पूर्व प्रधान उमेश सिंह के प्रयास के जिला अधिकारी गाजीपुर आर्यका अखौरी द्वारा इस सड़क की मरम्मत का आदेश पीडब्लूडी के एक्सियन को दिया गया जिसके बाद इस सड़क पर मरम्मत का कार्य शुरू हुआ है। बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार बारिश के बाद तमाम सड़कों पर गड्ढों को पाटने के लिए अलग से बजट का प्रावधान करती है। जनप्रतिनिधियों के अभाव में ऐसी महत्वपूर्ण सड़क भी मरम्मत से वंचित रह जाती हैं लेकिन उमेश सिंह के प्रयास से जल्द ही यह सड़क एक बार फिर आम लोगों के आवागमन के लिए सुलभ होगी।

### भाजपा नेता समेत दो को मिली अंतरिम जमानत

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। चुनावी रंजीश को लेकर मारपीट कर पैसे लूटने के मामले में भाजपा नेता समेत दो आरोपितों को कोर्ट से राहत मिल गयी` विशेष न्यायाधीश (एससी- एसटी) रश्मि नंदा की अदालत ने लेढुवाई, मिजार्मुराद निवासी व सेवापुरी के भाजपा मंडल अध्यक्ष यतीश तिवारी उर्फ गुड्डू और शाश्वत तिवारी उर्फ हैप्पी उर्फ ऐश्वर्य को 20 -20 हजार रुपये की दो जमानते एवं व्यक्तिगत बंधपत्र देनें पर अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया साथ ही नियमित जमानत के लिए एक नवम्बर की तिथि नियत की है अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव, अजय पाल व बृजेश सोनकर ने पक्ष रखा प्रकरण के अनुसार वादी अमृत लाल ने कोर्ट के आदेश के बाद मिजार्मुराद थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई` आरोप था कि 25 अगस्त 2021 को सुबह 7 बजे वादी लालपुर चट्टी स्थित एक कदम के पेड के पास खड़ा था उसी समय विपक्षीगण पुरानी चुनावी रंजीश को लेकर लाठी-डंडे से मारने लगे व ग्यारह सौ रुपए और मोबाइल छीन लिये साथ ही जान से मारने की धमकी देकर चले गये वादी की पत्नी व अन्य लोगों ने बीच बचाव किया। इस बात की जानकारी थाने पर दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई तो वादी ने थक-हार कर न्यायालय की शरण ली।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं